# A Study of George Orwell's 'Animal Farm' with Reference to Russia after Russian Revolution

*Dr. Akhand Pratap Chand* [1]

Undoubtedly while writing 'Animal Farm', Orwell was aware of the faults of the communist regime. He was of the opinion that the communists were the unofficial representatives of Russia. As a political allegory, 'Animal Farm' exposes totalitarianism. He completed the writing of 'Animal Farm' in February 1944. But no publisher wanted to publish it because its theme was the harsh criticism of Soviet policies. In May 1945 Secker and Warburg, famous publishers, decided to publish it with great honor. Besides the Russian history, it was also affected by the two world wars. Undoubtedly, it was a very daring work to laugh at the vices, of Russian policies because Russia was considered to be one of the greatest powers of the world. The period at which the novelist aimed in his novel, was Stalin period (1924-1953).Stalin claimed that he had been a democratic ruler of Russia while some critics were of the opinion that Russian people were also suffering from a tyranny. Through the presentation of Animal Farm', Orwell also concluded that Stalin was a dictator who seldom paid any attention to the problems of common men of Russia.

Orwell presents the historical fact in 'Animal Farm'. He does not present any solution of the problems which have been discussed in the novel. He leaves the conclusion to the readers. But his aim is to satirize communism and totalitarianism. In the novel he passes a comment that "some animals are equal but some animals are more equal than others." This comment is healthy and living satire on Russian ways to rule over the people.

1. Assistant Professor, Department of English, National P.G. College, Barhalganj, Gorakhpur.

Russian Revolution of 1917 is the main theme of Animal Farm. He observed that Russian Revolution of 1917 started with high hopes and noble ideals. Stalin, who was the leader of Revolution, influenced the common masses of Russia with his hypocritical tyranny. As apolitical thinker, Orwell attacked the dictatorship of Stalin through animal Farm'. The novelist believed that equality at the economic level among people was not possible under communism. The novelist had a belief in Socialism. He does not appreciate capitalism. That is why he praises Russian Revolution and in his opinion the revolution was based on high ideals. But after the revolution, the leaders could not put the theories of communism into practice. They did not pay any attention to the development of common man but they engaged in making money. Through 'Animal Farm' the author laments over the death of those ideals which were the supporting base of Russian revolution. The author tells us many other incidents that were related to the tyranny of Stalinism. The episode of wind-mill project, facilities provided to the pigs, pigs' attempts to imitate human beings, killing of ducks and hens, death of Boxer etc. are some of the incidents that symbolized the tyranny of Stalin. The observation of the writer is like that of a socialist.

On 1st September, 1939 Germany invaded Poland which resulted in the Second World War (1939-45), Hitler and Mussolini, the dictators of Germany and Italy tried to invade all the countries of Europe. At the invasion of Poland by Germany, Britain and France were provoked to action. Russia made a secret pact with Germany. In August 1939, Poland excluding the western part was occupied by Germany and the eastern Poland was occupied by Russia. Russia also demanded Estonia, Latvia, Lithuania and Finland. But Finland refused to surrender before Russia. During the same period Hitler invaded Den mark, Norway, Netherlands, Belgium and defeated France, on 22nd June, 1941 Germany surprised the whole world by attacking Russia. Thus the relations between Nazism and Communism crumbled because of this attack of Germany; Germans destroyed the industrial structure of Prussia. They also weakened Russian economic structure. The people of Russia had to face a struggle and they had to make enormous sacrifices. By the end of the war Russia was the only country ruled by communists who controlled many other territories due to mar. Stalin declared that communists were able to face every type of struggle. But a few politicians were of the view that mental confusion and vexation were rampant among the people of Russia. Critics like Orwell found a cold war situation among the Russians. Stalin began to rule like a tyrant.

In the beginning of the novel we listen to Old Major who tells the animals how they are exploited at the hands of men. Jones, the master of the farm, usually beats them for no fault of theirs. Old Major asks the animals to revolt against Jones who stands for tyranny. After the three days of his speech the Old Major dies and animals are greatly shocked. They are very much influenced by the thoughts of old Major. Napoleon and Snowball arrange the thoughts of Old Major into a system. The system is known as 'Animalism'. Later on, we observe a revolt against Jones by animals and it proves to be a successful revolution Jones is expelled and animals enjoy the freedom. Now there are only two leaders under whom all the animals show their faith. Napoleon and Snowball become two leading forces of the farm. Napoleon is very ambitious and Snowball never likes to disobey Old Major. Anyhow Napoleon decides to drive away Snowball from the farm and on the issue of wind-mill, he succeeds. In the expulsion of Snowball he takes the help of his dogs. Now Napoleon overpowers the farm as a tyrant. By and by, he violates the principles of 'Animalism'. He starts to lead luxurious life and pigs and his dogs become more and more prosperous. He also does not cease to criticize and condemn Snowball. Squealer always tries to convince that Napoleon is a true follower of the Old Major. In the meantime his regime has to face two untoward happenings. First of all he has to face a storm that destroys the wind-mill and secondly, the attack of Frederick destroys wind-mill. He also strangulates few animals because they have seen Snowball in their dreams. He elects Whimper as the mediator between the animals and the human beings. While leading his life, he imitates the ways of Jones. While constructing wind-mill Boxerfell victim to an accident. Instead of sending him to hospital, Squealer under the direction of Napoleon sends him to the house of butcher. Benjamin, a donkey discloses the fact of Boxer having been sent to the house of a butcher over power the country with his tyrannical rule. Exploitation of the common man was revived. Yet the communists tried to prove that they were ministering to the common man. In the story of 'Animal Farm' we are made familiar with the Russian history since the October Revolution. The seven commandments of the 'Animal Farm' are the symbolic presentation of the thoughts of Karl Marx. All the animals are equal, is the allegorical commandment which purposes at the equality of human beings. Karl Marx strictly opposed the luxuries of life and laid emphasis on the simplicity of life. The novelist points out in the commandments that “no animal shall wear clothes, no animal shall drink alcohol and no animal shall sleep on bed." In order to clarify his allegorical presentation, the author says very humorously that Old Major called all the animals 'comrade'-and, later on, all the

animals began to call one another 'comrade'. 'Comrade' is the term used by Karl Marx. The word comrade' stands for equality. Thus the author convinces the readers that 'Animalism' means 'communism' and Animal Farm' is outwardly the story of animals and inwardly, the story of communists. The novelist adds the allegorical element deliberately. That is why all the incidents of the novel are historical events of Russian Revolution.

The novelist shows how Nicholas II was overthrown in the overthrow of Jones. The revolution that disposed of Nicholas II worried the rest of the world. Later on U.S.A. and Britain sent their armies to arrest Nicholas II and to overthrow the rule of revolutionaries. The novelist presents this battle through the Battle of Cowshed. The writer introduces the episode of the struggle for power between Stalin and Trotsky through the conflict between Napoleon and Snow ball. The issue of wind-mill is the symbol of the first five-year-plan which was introduced by Trotsky. The egg rebellion of the hens instory is also the representation of the same conflict in 1930 the rest of the world was convinced that the communists were able to rule and control problems. Therefore the Stalin government started trade relations with the countries of Europe. They got many facilities which were enjoyed only by certain communists.

'Animal Farm' is undoubtedly a successful allegory. It contains very interesting story and at the same time it shows historical events before other animals. In the last chapter the readers note that Napoleon and his followers in the form of pigs and dogs have become rich while other animals are leading lives of scarcity and sufferings. Napoleon orders the animals to give up all the traditions. The novelist presents historical events through an allegory. He gives us the clue of Russian policies. He tells us how the people of Russia revolted against the tyranny of government. The revolutionaries declared that they believed in the thoughts of Karl Marx. Stalin and Trotsky arranged the thoughts of Karl Marx and gave them a system. Later on the system was known as communism. In order to overpower the country, Stalin used his power to lessen the impression of Trotsky. It resulted in the disappearance of Trotsky. After the exit of Trotsky, Stalin started to and personalities of Russia. Broadly speaking, it not only tells us the result of the Soviet revolution but also lets us know about every revolution that is brought about for freedom.

## References


1. Orwell, George. Animal Farm, Secker and Warburg, London,1945
2. Letemendia, V.C. "Revolution on Animal Farm: Orwell's Neglected Commentary." Journal of Modern Literature 18(1992)
3. Marx, Karl and Ferederick Engels. The Communist Manifesto. Moscow: Progress Publishers, 1948.
4. Talbot, Chris. Marx and Darwin: Two Great Revolutionary Thinkers of the nineteenth century. 17 June 2009.
5. Sayers, Sean. "The Idea of Communism". November 15h, 2015.
6. Jahangeer, Aniqa. "Marxist Analysis of Animal Farm". 2 December 2017. academia.edu.14 April 2018.
7. Essay chief. "Failed Revolutions and Tyrants in Animal Farm."2018. Essaychief.com. 14 April 2018.
8. Sparknotes, "Themes in Animal Farm." Web. 27 Oct. 2018.

# भारत-चीन संबंध: नए आयाम एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

*डॉ० उमाशंकर त्रिपाठी* [1]

भारत और चीन दोनों ही एशिया के दो बड़े राष्ट्र हैं| जनसंख्या तथा भौगोलिक दृष्टि से भी दोनों राष्ट्र विश्व के बड़े राष्ट्रों में गिने जाते हैं। चीन और भारत दोनों पड़ोसी राज्य हैं। दोनों की सीमाएँ एक-दूसरे से कई हजार किलोमीटर तक मिलती हैं। भारत 1947 में स्वतन्त्र हुआ और चीन में 1949 में साम्यवादी क्रान्ति हुई। भारत में प्रजातान्त्रिक गणराज्य की स्थापना हुई और चीन में साम्यवादी गणराज्य की । प्राचीनकाल में भी भारत और चीन के मध्य घनिष्ठ सांस्कृतिक और व्यापारिक सम्बन्ध विद्यमान थे। यह माना जाता था कि चीन ने भारत पर कभी आक्रमण नहीं किया है और वह कभी करेगा भी नहीं। यदि उसने आक्रमण करना चाहा तो दुर्गम हिमालय की पर्वतमालाएँ उसे ऐसा करने से रोक देंगी। भारत की विदेश नीति के निर्माता पं. नेहरू की साम्यवादी चीन के प्रति गहरी सहानुभूति थी।

पं. नेहरू और चीन (1947 से मई 1964 तक)-चीन के प्रति भारत का दृष्टिकोण प्रारम्भ से ही मित्रतापूर्ण था। भारतीय स्वतन्त्रता उन्दोलन काल में भी पं. नेहरू भारत और चीन की मित्रता पर बल देते रहे थे। अक्टूबर 1949 की साम्यवादी क्रान्ति का भारत ने समर्थन किया। भारत ने चीन को राजनयिक मान्यता दी। अमरीका की इच्छा के विरुद्ध भारत ने चीन को कोरियाई युद्ध में समर्थन दिया। भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ में चीन को मान्यता दिलाने का भरसक प्रयत्न किया।

29 जून, 1952 को चीन और भारत के मध्य एक व्यापारिक समझौता हुआ जिसके आधार पर भारत ने तिब्बत से अपने अतिरिक्त देशीय अधिकारों को चीन को सौंप दिया। भारत ने तिब्बत में चीन की प्रभुसत्ता को स्वीकार कर लिया, जो भारत की भारी भूल थी। समझौते में पंचशील के सिद्धान्तों में विश्वास प्रकट किया गया। 1954 में चीन के प्रधानमन्त्री चाऊ-एन-लाई भारत आये तो संयुक्त विज्ञप्ति में पंचशील के सिद्धान्तों पर बल दिया। विन्सैण्ट शौयब के शब्दों में, "चीनियों के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध कायम करने का जितना प्रयास नेहरू ने किया, सम्भवतः विश्व में उतना किसी ने भी नहीं किया"। स्वतन्त्र भारत में 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई' का नारा खूब प्रसिद्ध हुआ।

---

1. उपाचार्य, राजनीति शास्त्र विभाग, बुद्ध पी0जी0 कालेज, कुशीनगर

**भारत-चीन संबंध: नए आयाम**

भारत और चीन संबंधों में इस समय एक परिवर्तनकारी आंदोलन हमें देखने को मिल रहा है और यह उस नई ऊर्जा, उत्साह और रचनात्मक तरीके से परिलक्षित हो रहा है जिस ऊर्जा और उत्साह से ये दोनों देश संलग्न हो रहे हैं। जिस तरह से एशिया की इन दो महाशक्तियों के नेताओं ने पिछले डेढ़ वर्षों में एक-दूसरे के देशों की यात्राएं की हैं, यह इस बात का संकेत है कि दोनों ही देश आपसी सहयोग से इस सदी को एशिया की सदी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

प्रधानमंत्री का चीन में 14-16 जून 2015 तक का जिआन, बीजिंग और शंघाई का दौरा कई मामलों में महत्वपूर्ण रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की चीन यात्रा ने उस उत्साह में वृद्धि की है जो सितंबर 2014 में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा की गई भारत की यात्रा के साथ आरंभ हुआ था। अगर दोनों यात्राओं को और दिल्ली में पिछली सरकार के दौरान जो कदम उठाए गए थे, उन्हें एक साथ रखा जाए तो यह भारत और चीन की उभरती वर्णमाला को बतलाता है। । A से एशिया, B से बिजनेस, B से कल्चर और D से डिप्लोमेसी और डेवलपमेंट। ये नया शब्दकोश और सिद्धांत दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग के नए पहलुओं की तरफ इशारा करते हैं।

मोदी जी की चीन यात्रा के दौरान चीनी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री का स्वागत अपने गृहनगर जिआन के सरकारी अतिथिगृह में किया था। चीनी राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री को बताया कि चीन और भारत के रिश्ते 'स्थायी विकास को महसूस कर रहे हैं और उदार संभावनाओं के समक्ष खड़े हैं।' प्रधानमंत्री का टेरिकोटा लड़ाकों के संग्रहालय और प्राचीन बुद्ध मंदिर में जाना भारत और चीन के सदियों पुराने सभ्यतागत रिश्तों की याद दिला गया। यह पहला अवसर था कि राष्ट्रपति ने किसी विदेशी राजनेता की आगवानी और स्वागत सत्कार अपने गृहनगर में किया हो, जो भारत-चीन के रिश्ते को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दर्शाता है। राष्ट्रपति शी द्वारा जो गर्मजोशी और व्यक्तिगत मेहमानवाजी प्रधानमंत्री को दी गई उसे हम प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अहमदाबाद में शी के भव्य स्वागत और मेहमानवाजी के प्रतिफल के रूप में देख सकते हैं। ऐसा पहली बार हुआ कि भारत और चीन के नेताओं ने एक-दूसरे के देशों में अपनी यात्राएं राष्ट्रीय राजधानी से शुरू न करते हुए राज्यों की राजधानी से की और संबंधों में एक नई कूटनीति की रूपरेखा का निर्माण किया। प्रधानमंत्री ने जिआन में हुए अपने भव्य स्वागत के बाद ट्वीट करके कहा, "चीन के लोगों का उत्साह देखकर खुशी हुई। पीपल टु पीपल कॉनटेक्ट (people to people contact) हमेशा खास होता है"।

प्रधानमंत्री ने चीनी प्रधानमंत्री ली के साथ अपने संयुक्त मीडिया वक्तव्य में कहा 'मैंने चीन से कुछ मुद्दों पर अपना मत बदलने पर जोर दिया जो भारत और चीन के रिश्तों के मजबूत होने में रूकावट पैदा करते हैं'। चीनी राष्ट्रपति के साथ बीजिंग में प्रेस वार्ता में कहे गए उनके इस कथन ने भारत के बीजिंग द्वारा उठाए गए उन कदमों पर अपने विरोध को बताया है जो भारत अनुचित समझता है, और उसे अस्वीकार करता है। इनमें अरुणाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के नागरिकों को अलग वीजा देना, भारतीय भू-भाग में चीनी सेना का आ जाना और कश्मीर के विवादित क्षेत्र में चीन-पाकिस्तान का विशिष्ट आर्थिक कॉरिडोर उनमें से प्रमुख मुद्दे हैं। ये मुद्दे भारत और चीन के बीच काफी समय से चले आ रहे हैं और भारतीय जनमानस के मन में चीन की एक नकारात्मक छवि स्थापित कर चुके हैं. और बीजिंग की मंशा और कदमों के बारे में बीजिंग और नई दिल्ली के बीच अविश्वास का भी प्रमुख कारण हैं।

भारत चीन सीमा विवाद का जिक्र होने पर कुछ लोगों का तेवर 1962 के अपराधी ढूँढने वाले होते हैं।1 अधिकांश आलोचकों को लगता है कि भारत चीनी मनमुटावों के घातक विस्फोट की जिम्मेदारी सिर्फ नेहरू जी की थी। कृष्ण मेनन और सरदार पणिक्कर जैसे सलाहकार इन्ही के विश्वासपात्र मित्र थे। पंचशील का सपना किसने समझा था भला? चीनी नेताओं के

साथ व्यक्तिगत मैत्री के रूमानी शिकंजे में फसकर वर्षो मुग्ध संतुष्ट नेहरू जी के अलावा और कौन रहा था? ऐसे लोगों की संख्या कम नहीं जो मानते हैं कि भारत चीन विवाद सिर्फ नेहरू जी भलमनसाहत, नादानी नासमझी आत्मघाती अहिंसा से उपजा था।[2]

1962 के बाद सफाईयों व बचाव पक्ष की दलीलों के नमूनों पर बड़े पैमाने पर आत्म कथायें प्रकाशित हुयी। इसमें जनरल कौल की 'अनकही कहानी' तथा इन्टेलिजेन्सी के ब्यौरों के.बी.एन.मलिक की माई इयर विथ नेहरू दी चयनिज विट्रेयल विशेष रूप से उल्लेखनीय है। परन्तु इनमे उपलब्ध जानकारी को प्रमाणिक सिद्ध करना कठिन है। चीन में पहले भारतीय राजदूत पणिक्कर ने भी यह बात महसूस कर ली थी कि चीनी नेता अपने को ही चौधरी समझते है और दूसरों छुटभैया। अगर भारत के द्वारा समय रहते इस संकट का सही मूल्यांकन नहीं किया जा सका तो इसका प्रमुख कारण यह है कि भारत के राजनेता एवं राजनैयिक आत्म मुग्ध और संतुष्ट थे उन्हे चीन भी भारत जैसा सुधारवादी, शांतिप्रिय और परामर्श द्वारा हर समस्या के समाधान के लिये प्रतिबद्ध दिखाई देता था।[3]

**भारत चीनी सीमा विवाद का इतिहास**

सिक्ख प्रांत के राजा रणजीत सिंह ने 1808 में जम्मू पर चढ़ाई (किशोर सिंह) पर की 1819 में कश्मीर, 1834 में लद्दाख पर अपना शासन स्थापित कर लिया। लद्दाख को जीत कर जम्मू में शामिल कर लिया था। इस प्रकार सिक्खों का शासन चल रहा था। 1839 मे महाराजा रणजीत सिंह की मृत्यु हो गयी थी। उसके बाद जम्मू कश्मीर के राजा डोगरा राजवंश के राज किशोर सिंह के पुत्र गुलाब सिंह बने।

इस प्रकार सिक्ख प्रांत कमजोर पड़ गया था उसका फायदा उठाते हुये चीन ने 1841 में लद्दाख पर आक्रमण कर दिया था। चीन ने सिक्खों पर जीत हासिल की फिर सीमा पर शांति के लिये एक संधि हुयी थी। फिर सिक्ख पुनः शासन करने लगे थे इसी समय भारत पर अंगेजों का शासन था सन् 1846 में ब्रिटिश और सिक्खों के बीच एक युद्ध हुआ था जिसे इतिहास पहला एंग्लो सिक्ख युद्ध कहलाया था। इस प्रकार अंग्रजों ने पंजाब प्रांत का कुछ हिस्सा जीता और कश्मीर घाटी और लद्दाख वाले हिस्से पर कब्जा कर लिया था। इसमें गुलाब सिंह ने अंग्रेजों की खूब मदद की थी। इसीलिए अंग्रेजों ने 75 लाख रू. में जम्मू और कश्मीर को बेच दिया था। मतलब कश्मीर घाटी, जम्मू, लद्दाख, गिलगित, बलूचिस्तान (अमृतसर संधि) के तहत, परन्तु ये क्षेत्र ब्रिटिश शासन के अन्दर ही रहा। जम्मू कश्मीर रियासत के पहले राजा गुलाब सिंह थे इन्ही वंश के राजा हुये हरि सिंह। 1846 में ब्रिटिशों ने कश्मीर घाटी व लद्दाख पर अपना शासन स्थापित कर लिया था और चीन से पूर्वी लद्दाख सीमा पर बात करने की कोशिश की पर चाइना ने बात नहीं की। उस समय सीमा परिभाषित नहीं हुआ था। 1865 में ब्रिटिश इण्डिया सिविल सर्वेन्ट डब्लू० एच० जानसन उन्होने सीमा के लिए 'जानसन लाइन प्रस्ताव' की इसके हिसाब से आक्साई चीन को जम्मू कश्मीर का हिस्सा बताया था। वर्तमान समय में भारत इसी जानसन लाइन को स्वीकार करता है। उस समय आक्साई चीन की सीमा सी.जी.यांग प्रांत (पूर्वी तुर्कीस्तान) से लगती थी जो समय स्वतंत्र प्रान्त हुआ करती थी इसलिए जानसन लाइन के बारे में चीन से नहीं पूछा गया न ही चीन ने रूचि दिखाई। ब्रिटिश इसी जानसन लाइन को सीमा मानकर काम करने लगे। फिर 1878 में चाइना ने शिजियांग पर कब्जा कर लिया था। 1899 में ब्रिटिश काउन्सिल जार्ज मैकेटनि ने एक लाइन का प्रस्ताव दिया जिसे क्लाउड मैकडोनल ने चीन तक पहुँचाया था इसलिये इस लाइन का नाम मैकेटनी मैकडोनल लाइन पड़ा। अब इस लाइन का कुछ भाग आक्साई का कुछ भाग चीन का कुछ भाग भारत का बताया गया था पर इस बीच चीन ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नही दिया। 1959 में इसे चीन ने स्वीकारा था।

**स्वीकार करने का कारण**

तिब्बत चीन से अलग हुआ करता था और चीन उस पर कब्जा करने के लिये सड़क का निर्माण करना चाहता था फिर उसने पश्चिमी तिब्बत अपनी स्थिति मजबूत करने के लिये चीन ने शिजियांग से 1951 में तिब्बत तक सड़क निर्माण किया जो आक्साइ चीन से होकर जाती थी। इसका नाम शिजियांग तिब्बत रोड़ था। 1959 में जब रोड बन चुकी थी तब भारत को पता चला। भारत दावा करता है कि यह क्षेत्र उसका है। इसी को लेकर 1962 में भारत चीन युद्ध हुआ था। इसमें चीन आक्साइ चीन पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया था। युद्ध के बाद दोनो सेनायें जहाँ थीं उसी को वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) माना गया पहाड़ो व तालाबों के कारण सही सीमांकन नहीं हुआ जिस कारण विवाद होता है।

एल.ए.सी. - लद्दाख, हिमाचल, उत्तराखण्ड, सिक्किम, अरूणाचल से होकर जाती है सबसे ज्यादा विवाद लद्दाख क्षेत्र के गलवान घाटी व पेंगोंग झील के पास होता है। गलवान घाटी भारत में स्थित है जिसे चीन अपना क्षेत्र बताता है। पेंगोंग झील पर (LAC) अभी भी स्पष्ट नहीं हो पायी है। झील के पहाड़ों को फिंगर 4 पर भारत का बेस कैम्प है जबकि फिंगर 8 पर चीन का बेस कैम्प है भारत दावा करता है उसका अधिकार फिंगर 8 तक है जबकि चीन फिंगर 4 तक का दावा करता है फिंगर 4 से लेकर फिंगर 8 तक दोनों देश पेट्रोलिंग करते हैं। सिक्किम में स्थित नथुला दर्रा के पास पथराव देखने को  मिला। डेमचोक, गोगरा पोस्ट, दौलतबेग ओल्डी में भी घुसपैठ हुयी।

भारत पूर्वी क्षेत्र में चीन के साथ 1140 किलोमीटर सीमा साझा करता है। यह सीमा भूटान के पूर्वी सीमा से प्रारम्भ होकर तिब्बत (चीन अधिकृत) भारत ओर म्यामार के त्रिसंगम  (Tri-Junction) तक विस्तारित है। यह सीमा रेखा को मैकमोहन रेखा कहा जाता है हालाकि, चीन मैक मोहनरेखा को अवैध मानता है और इसे अस्वीकार करता है चीन अरूणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत या तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र (TAR)  का ही भाग भानता है। चीन का अभिमत है कि वर्ष 1914 में, शिमला समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले तिब्बती प्रतिनिधि इस कार्य हेतु अधिकृत नहीं थे। उल्लेखनीय है कि इसी समझौते द्वारा मैकमोहन रेखा को मानचित्र पर निरूपित किया गया था।

**डोकलाम विवाद**

जुलाई 2017 में चीन की सेना  पिपुल्स लिबरेशन आर्मी ने डोकलाम के पठार पर सड़क निर्माण कार्य आरम्भ किया जिस पर भूटान के अनुरोध पर भारतीय  सेना ने चीनी सेना  के सड़क निर्माण कार्य का विरोध किया, परिणामस्वरूप भारत और चीन की सेनाओं के बीच विवाद उत्पन्न हो गया और भारतीय सेना ने चीन के सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया। इस कार्य से दोनों देशों के  बीच लम्बे समय तक गतिरोध बना रहा, भारत का मानना है कि यह क्षेत्र भूटान के अन्तर्गत आता है, जिससे भारत की रक्षा संधि है अतः चीनी सेना द्वारा किया  गया यह  कार्य आक्रमणकारी एवं अवैध है। ज्ञात हो कि डोकलाम एक पठार भारत, भूटान तथा चीन के मिलान बिन्दु पर चूम्बी घाटी के पास अवस्थित है। यह पठार भूटान के अधिकार क्षेत्र में आता है जिस पर चीन भी दावा करता है।

दूसरी तरफ चीन का अभिमत है कि यह क्षेत्र उसका भू-भाग है तथा विकास कार्य के लिये यह सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसलिए भारत द्वारा विरोध गलत है तथा भारतीय सेना को तुरंत वहां से हट जाना चाहिये। अगस्त 2017 के अन्तिम सप्ताह में भारत चीन के मध्य यह गतिरोध समाप्त हो गया तथा चीन ने डोकलाम क्षेत्र से अपनी सेना हटाने की धोषणा की और सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया अतः अन्तर्राष्ट्रीय कूटनीति के क्षेत्र में यह भारत की महत्वपूर्ण जीत के रूप में देखा जा सकता है।

**वन बेल्ट वन रोड परियोजना**

चीनी राष्ट्रपति शीजिनपिंग की महत्वाकांक्षी परियोजना 'वन बेल्ट वन रोड' पर एक वैश्विक सम्मेलन बिजिंग में 14-15 मई 2017 को सम्पन्न हुआ इस सम्मेलन में 29 राष्ट्रों के राष्ट्रअध्यक्ष सहित लगभग 100 देशों के प्रतिनीधियों ने भाग लिया। जापान एवं अमेरिका जैसे देश जो प्रारम्भ में इस परियोजना का विरोध कर रहे थे, ने भी चीन की कूटनीति प्रभाव के कारण इस सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस परियोजना के तहत चीन विश्व में कुल छः आर्थिक कारिडोर बनायेगा जिसमें रोड, रेलवे, ऊर्जा परियोजना, हाइवे यातायात, डेम इत्यादि का निर्माण किया जायेगा।

चीन इस परियोजना को सैन्य तत्वों की अनुपस्थिति में 'मार्शल प्लान' तथा भूमण्डलीकरण-2, के रूप में दर्शा रहा है, जिससे वैश्विक मंदी को रोका जा सकता है तथा विश्व के देशों के मध्य सहयोग अर्थिक खुलापन एवं व्यवहार इत्यादि को बढ़ावा दिया जा सके। 'भारत द्वारा चाइना पाकिस्तान आर्थिक कारिडोर' का विरोध किया जा रहा है, क्योंकि यह पाक अधिकृत कश्मीर से होकर गुजरती है, जो भारत की सम्प्रभुता के खिलाफ है, क्योंकि भारत से इस संदर्भ में कोई अनुमति नहीं ली गई है। यह कारिडोर पाक अधिकृत काश्मीर से होकर गुजरता है जिसको भारत अपना अंग मानता है। गलवन घटना का प्रमुख कारण यह था कि भारत द्वारा सीमा पर सड़क का निर्माण कार्य किया जाना चीन को नागवार लगता था।

गलवन घाटी के नवीन घटनाक्रम पर कुछ बुद्धिजीवियों, राजनीतिक विश्लेषकों एवं वैदेशिक तथा रक्षा मामलों के विशेषज्ञों के विचार भी काफी महत्वपूर्ण है। इसी क्रम में ब्रम्हा चेलानी 4 ने 18 जून, 2020 के दैनिक जागरण के अपने लेख 'ध्वस्त करने होंगे चीन के नापाक इरादे' के अन्तर्गत कहा कि माओत्से तुंग ने चीन की पुरानी व्यवस्था को ध्वस्त किया और देंग श्याओपिंग में आधुनिक चीनी अर्थव्यवस्था की बुनियाद रखी वहीं शी जिनपिंग चीन को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाने के लिए प्रतिबद्ध दिखते है। भारतीय सीमा रेखा को उसका सही ऐतिहासिक नाम 'भारत-तिब्बत सीमा' कर देना चाहिए। वहीँ 22 जून, 2020 के अपने संपादकीय लेख संवेदनशील विषयों पर संकुचित राजनीति के अन्तर्गत कहा कि जिस पंचशील को 1957 में संयुक्त राष्ट्र ने मान्यता दी उसे चीन ने 1962 के युद्ध से कर दी।

26 जून, 2020 के अपने संपादकीय लेख 'चीन को सही राह पर लाने का तरीका' के अन्तर्गत राजनीति शास्त्र के वरिष्ठ स्तंभकार शंकर शरण ने कहा कि ''पंचशील समझौता जो 29 अप्रैल, 1954 को भारत और तिब्बत के संबंध पर हुआ था। यह कुल छः अनुच्छेदों का समझौता है। जिसके शीर्षक में दर्ज चीन के तिब्बत क्षेत्र और भारत के बीच व्यापार संबंध के बारे में समझौता। इस संदर्भ में शरण जी का कहना है कि भारत और तिब्बत का संबंध कितने स्थापित खुले और पारस्परिक थे परन्तु चीन के बब्जे के कारण अनुच्छेद 02 और 05 के अनुरूप भारत और तिब्बत के लोग पहले की तरह इस पार से उस पार मिलने जुलने समान की खरीदारी करने नहीं जा पा रहे हैं ऐसे में पंचशील की नसीहत देना अथवा भारत द्वारा एकतरफा इस समझौत पर कायम रहना उचित न होगा।

चीन, 1890 के दस्तावेज का हवाला देकर डोकलाम को अपना बताता है। 1914 के दस्तावेज के अनुसार तिब्बत भी एक स्वतंत्र देश है परन्तु नेहरू जी ने चीनी कम्युनिष्टों को तिब्बत हड़पने दिया इसलिए इसी के एवज में चीन ने भारतीय और तिब्बती जन को संतुष्ट करने के लिए पंचशील समझौते के बहाने उन्हे बहलाने का उपाय किया।

गलवन घाटी की घटना के उपरान्त कांउसिल फार स्ट्रेटजिक अफेयर्स से संबद्ध सामरिक विश्लेषक दिव्य कुमार सोती ने 29 जून, 2020 को अपने लेख 'डरे चीन की कायराना हरकत' के अन्तर्गत कहा कि चीन यह जानने की कोशिश कर रहा है कि कोरोना के चलते विश्व बिरादरी के उनके विरूद्ध लामबद्ध होने से भी उसकी शक्ति में कमी नहीं आने वाली है। उनका कहना

है कि गलवन घटना के कारणों में एक यह भी है कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के रक्षा सलाहकार के अनुसार प्रतिद्वन्दी देशों के विरूद्ध कार्यवाही तब करनी चाहिये जब वे आपको कमजोर समझ रहे हो।

उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि भारत को अपने विदेश नीति में परिवर्तन करना चाहिये। गलवन घाटी की घटना से हमें सतर्क हो जाना चाहिए और यह समझना चाहिये कि चीन अब खुद को सबसे बड़ी वैश्विक ताकत के तौर पर देखता है चीन दक्षिण चीन सागर में वियतनाम, मलेशिया, ब्रुनेई, इण्डोनेशिया, फिलिपिन्स और हिमालय की चोटियों में भारत को ललकार रहा है। भारत अपने घरेलू राजनीति के चलते अपने विदेश नीति को पाकिस्तान के इई गिर्द की रखा था। डोकलाम से गलवन तक चीन की नियत लगभग एक जैसी ही रही। भारत का वैश्विक स्तर पर शक्ति संतुलन के लिये चीन की विस्तारवादी प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने हेतु पहल करनी चाहिये।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची**


1. डी.आर.मंकेकर, ‘दी गिल्टी मेन आफ 1962, बम्बई 1968
2. पुष्पेश पंत, श्री पाल जैन, ‘‘अन्तर्राष्ट्रीय संबंध’’ मिनाक्षी प्रकाशन, मेरठ 1997 पृ0 466
3. वही, पृ. 467
4. ब्रम्हा चेलानी, 18 जून, 2020, दैनिक जागरण गोरखपुर।
5. हृदय नारायण दीक्षित, 22 जून, 2020 दैनिक जागरण गोरखपुर।
6. शंकर शरण, 26 जून, 2020, दैनिक जागरण गोरखपुर।
7. दिव्य कुमार सोती, 29 जून, 2020 दैनिक जागरण, गोरखपुर।

# कौटिल्य आर्थिक चिन्तन की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता

*डॉ० राकेश कुमार तिवारी* [1]

राज्य संचालन कला के समस्त प्राचीन विद्वानों ने सफल सरकार के लिए भरपूर कोष के महत्व पर बल दिया है तथा भारतवर्ष ने मौर्यकाल से पूर्व ही कर लगाने की नियमित प्रणाली का विस्तार किया था। सदैव से ही मौलिक कर भूमि-कर था जो सामान्य रूप से 'भाग' कहलाता था तथा यह उपज का एक निश्चित अनुपात होता था। स्मृति संहिता में सामान्य रूप से जो संख्या दी गयी है 1/6 है परन्तु मेगस्थनीज इसको 1/4 बताता है जबकि 'अर्थशास्त्र' 1/4 अथवा उपजाऊ भूमि पर 1/3 तक लेने की अनुमति देता है। कुछ कारणवश यह विश्वास करना पड़ता है कि 1/4 के अनुपात से कर सामान्य रूप से, यहाँ तक कि अशोक के दयालु शासन में भी लगाया जाता था। कर सामान्यतः वस्तु के रूप में दिया जाता था तथा जातक कथाओं के उल्लेख है कि राज्य अधिकारी राजकीय अन्नागर में ले जाने के लिए अन्न को खलिहान में तोलते थे, परंतु मध्यकालीन युगों में मुख्यतः दक्षिण में अनेक ग्रामों ने अपना भूमि-कर नियमित वार्षिक धन के रूप में परिवर्तित कर लिया था।

अगणित छूटों तथा अपवादों की स्वीकृतियाँ दी गयी थीं| इस प्रकार से नयी जुती हुई भूमि पर पाँच वर्ष तक पूर्ण कर नहीं लिया जाता था। जबकि अच्छी उपज न होने पर कर का पूर्णाश अथवा अल्पांश क्षमा कर दिया जाता था। एक ग्राम को करमुक्त किया जा सकता था, यदि वह किसी सामूहिक सिंचाई योजना अथवा किसी अन्य सामूहिक जनकार्य की योजना बनाता था। सामान्य रूप से कर सम्पूर्ण उपज पर लगाया जाता था परंतु कभी-कभी बीज तथा उपभोग की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु दूसरी उपज के होने तक की रिआयत दे दी जाती थी तथा कुछ मध्यमकालीन भारतीय कर निर्धारण नियमों के अनुसार कर केवल वास्तविक उपज पर ही निश्चित किया जाता था। पवित्र विधान के अनुसार स्त्रियों, बालकों, विद्यालयों, विद्वान, ब्राह्मणों तथा संन्यासियों पर किसी भी रूप में कर नहीं लगना चाहिए तथा कर-रहित भूमि के अनेक अनुदान ब्राह्मणों और मंदिरों को दिये जाते थे, परंतु व्यवहार में प्रायः धार्मिक संस्थाओं को भी कर देना पड़ता था यद्यपि इसकी दर साधारण किसान की दर की अपेक्षा कम होती थी। दूसरी ओर उन वर्गों को जिनसे समान्य रूप से समाज घृणा करता था, बहुधा अतिरिक्त कर देने पड़ते थे।

---

1. सहायक आचार्य, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी

मूल भूमि कर के अतिरिक्त कृषक पर कुछ अन्य कर भी लगाये जाते थे जैसे एक निश्चित वार्षिक नकद भुगतान तथा राज्य द्वारा अधिकृत तालाब अथवा नहर के जल का उपयोग करने की धनराशि-स्वरूप जल कर देना पड़ता था। पशु तथा अन्य भेड़-बकरियों और समस्त कृषि एवं डेरी की उपज के लिए कर दिये जाते थे। दक्षिणी भारत में किसान बहुधा गृह-कर भी देते थे तथा दुकानों और आवश्यक औद्योगिक सामग्री जैसे चरखे, कुम्हार के चक्के तथा तेल के कोल्हुओं पर भी कर लगाये जाते थे। इन छोटे-छोटे करों में बहुत से स्थानीय परिषदों की अतिरिक्त आय होती थी और इनका उपयोग ग्राम की आवश्यकताओं के निमित होता था।[1]

राज्य व्यवस्था सम्बन्धी ग्रन्थ समान रूप से अनुचित तथा अधिक करों के दुष्परिणाम पर बल देते हैं। कोई भी व्यक्ति बिना कुछ स्वाद लिये हुए मधु को मुख में नहीं रख सकता तथा इस बात की आशा की जाती है कि स्थानीय अधिकारी निश्चित करों से अधिक की मांग करेंगे, परन्तु वास्तविक रूप के कर-संग्रहकर्ता, राज की सुरक्षा के लिए एक बड़ा भय है। राज्य को कर इस प्रकार लगाना चाहिए जैसे मधुमक्खी पुष्पों को बिना किसी प्रकार की हानि पहुँचाये हुए मधु को ग्रहण करती है, करों का निर्धारण इस प्रकार होना चाहिए कि करदाता के लिए सदा वह लाभ की छूट बनी रहे, व्यापारिक वस्तुओं पर एक बार से अधिक कर का आरोप नहीं होना चाहिए, बिना उचित चेतावनी के करों में वृद्धि नहीं होनी चाहिए। नि:सन्देह सुयोग्य सम्राटों ने अपनी अर्थ सम्बन्धी नीति में इन सिद्धान्तों का पालन करने का प्रयत्न किया।[2]

**भूमि**: गाँव की भूमि कई प्रकार की होती थी जैसे हल्य या सीव्य, जो हल की जोत में हो, ऊषर, गोचर या चरागाह। ब्रज और गोष्ठ भी उसके अंग थे।
कृषि योग्य भूमि अलग-अलग क्षेत्रों में बँटी रहती थी। ये खेत तरह-तरह के धान्य या फसलें बोने के काम में आते थे। खेतों के बँटवारे से सूचित होता है कि नाप जोख का प्रबन्ध था, जैसा कि सूत्र में कहा है। क्षेत्र व्यापक शब्द था, उसी के अन्तर्गत केदार उस खेत को कहते थे जहाँ हरी फसल बोई गई हो और जिसमें पानी की सिंचाई होती है। अर्थशास्त्र में केदार शब्द आर्द्र खेतों के लिये प्रयुक्त हुआ है। जिस खेत में हरी फसल खड़ी हो वह केदार कहा जाता था। बाल्मीकि ने लिखा है 'सुग्रीव की वानरी सेना ऐसी सुशोभित थी, जैसे शालि के केदारों से पृथिवी सुहावनी लगती है।' हरी फसल से लहलहाते खेतों का समूह कैदार्य या कैदारक कहा जाता था। खेती योग्य भूमि साधारणतः कर्ष कहीं जाती थी। किन्तु जितनी वस्तुतः हल की जोत में आ गई हो उसे हल्य और सीत्य कहते थे।

**हल्य**: एक हल की जोत के लिये पर्याप्त भूमि हल्थ कहलाती थी। इसी सूत्र के उदाहरण में द्विहल्य और त्रिहल्य, अर्थात् एक हल की माप से दुगुनी, तिगुनी का भी उल्लेख है। वस्तुतः एक परिवार के भरण-पोषण के लिय पर्याप्त भूमि की रकाई को द्विहल्या कहते थे। इसे ही मध्यकाल में दोहली या डोहली कहने लगे, जो भूमि मंदिर आदि के साथ राज्य की ओर से लगा दी जाती थी।

**सीता**: यह शब्द ऋग्वेद और उत्तरकालीन संहिताओं में कृषि के देवता और हल की खूड़ या फाड़ के लिये प्रयुक्त हुआ है। शनैः शनैः पहला अर्थ विलुप्त हो गया। सीत्य उस खेत को कहते थे, जो हल की जीत में आ गया हो।

**खेतों की नापजोख**: किसानों के निजी खेत नापजोख के आधार पर एक दूसरे में बँटे हुए थे। काण्डान्तात् क्षेत्रे सूत्र में खेतों के क्षेत्रफल की माप बनाने वाले शब्दों की ओर संकेत है, काण्ड एक नाप थी जिसकी लम्बाई सोलह हाथ मानी जाती थी। इस प्रकार एक काण्ड खेत 24 फुट से 24 फुट हुआ है।[3]

कुछ स्रोत राजा के विषय में यह भी उल्लेख करते हैं कि वह अब राज्य की समस्त भूमि तथा जल का स्वामी होता है, इस प्रस्ताव का यह परिणाम हुआ कि कृषि तथा भूमि के अन्य उत्पादनों पर कर एक प्रकार से लगान के रूप में हो गये। मनु ने राजा को भूमि का अधिपति माना है, अतः वह कोष तथा खनिज पदार्थों के भाग का अधिकारी था। भट्टस्वामी नामक मध्ययुगीन अर्थशास्त्र का भाष्यकार निस्संकोच घोषित करता है कि भूमि तथा जल का स्वामी राजा है और अन्य पदार्थ व्यक्तिगत रूप से गृहस्थों की सम्पति हैं।

जो भी हो, कुछ स्रोत राजा के भूमि पर पूर्ण स्वामित्व के विचार को अस्वीकार करते हैं। इस प्रकार से जातक कथा में एक राज्य अपनी रानी से कहता है कि वह उसको अपना राज्य देने में असमर्थ है क्योंकि वह भूमि का स्वामी नहीं हैं।[4]

धर्मशास्त्रों में भूमि के विक्रय और उस पर मालिकाना हक था स्वामित्व प्राप्त करने के विधान दिए हुए हैं। इस समय भी ऐसे बहुत से शिलालेख मिलते हैं। जिनसे यह बात भली-भाँति प्रमाणित होती है कि भूमि लोगों की निजी सम्पत्ति मानी जाती थी और सबसे बढ़कर बात यह है कि यह सिद्धांत स्पष्ट रूप से और जोर देकर घोषित किया गया है कि भूमि पर राजा का कोई स्वामित्व नहीं है और यह बात स्वयं मीमांसा दर्शन तक में कही गई हैं। जैमिनी का मत है कि भूमि समान रूप से सब लोगों की है। इसलिए यद्यपि भूमि का कोई खण्ड दस-स्वरूप किसी व्यक्ति को दिया जा सकता है पर फिर भी राज्य न तो समस्त पृथ्वी किसी को दान कर सकता है और न कोई कुमार अपना प्रांत दान कर सकता है। सके अतिरिक्त, जो घर और खेत आदि क्रय करके अथवा इसी प्रकार के और साधनों से प्राप्त किए गए हों, वे ही दान किए जा सकते हैं।

मीमांसा के इस विवेचना से ही सूचित होता है कि हमारे यहाँ प्राचीन काल में भूमि पर लोगों का निजी या व्यक्तिगत स्वामित्व माना जाता था, क्योंकि यह विवेचन ही पहले से यह सिद्धान्त मानकर किया गया है। इस प्रकार की निजी सम्पति ऐसी होती थी जिसमें राज्य द्वारा किसी प्रकार का हस्तक्षेप न किया जा सकता था। स्पष्ट शब्दों में यह बात कह दी गई है कि राजा का भूमि पर अपना अधिकार बतलाना किसी प्रकार सम्भव नहीं है और न वह अधिकार माना जा सकता हैं। जो हिन्दू धर्मशास्त्र स्वयं देवताओं को भी धर्म के अधीन मानते हैं और जो किसी राज्य के स्वेच्छाचारी हो जाने पर उसके लिए दण्ड तक का विधान करते हैं, उनमें इस प्रकार का निराकरण होना स्वाभाविक और युक्तिसंगत ही हैं।

राजा का अधिकार केवल शासन-सम्बन्धी कार्य करने तक ही परिमित है इसके अतिरिक्त उसका और कोई अधिकार नहीं है और वह समस्त राज्य या देश का स्वामी नहीं है। इसका समर्थन राज्याभिषेक सम्बन्धी उन संस्कारों और कृत्यों से भी होता है, जो हिन्दू एकराजकता का मूल आधार हैं। राज्याभिषेक के समय जितने कृत्य और संस्कार आदि होते हैं, उनमें कहीं नाममात्र को भी यह संकेत नहीं मिलता कि राज्य की भूमि पर राज्य का स्वामित्व होने का किसी प्रकार का विचार या कल्पना रहती थी। अतः हमारी समस्त व्यवस्थाओं के लिए ही भूमि पर राजा के स्वामित्व का भाव या विचार परकीय हैं।[5]

**औषधि-वनस्पति**: औषधि-वनस्पति में कुछ का उल्लेख पहली बार पाणिनीय सूत्रों में मिलता हैं। पुष्प, पत्र, फल, मूल आदि के आधार पर औषधियों के नामकरण का जो अध्याय प्राचीन भारत में आरम्भ हुआ था, उसकी भी हल्की-सी रेखा इस चित्र में है। औषधि -वनस्पतियों के जंगल और वनों का भी उल्लेख आया है।

वन: इस शब्द के दो अर्थ है, एक तो प्राकृतिक अरण्य जैसे पुरगावज, मिश्रकावज, इक्षुवण जो सामान्य नाम थे। बड़े प्राकृतिक वन को पाणिनी ने अरण्य और कात्यायन ने अरण्यानी कहा हैं।

वन दो प्रकार के थे। 1. औषधि वन जैसे -भूर्वावन, मूर्याविन और 2. वनस्पति वन जैसे शिरीषवन, देवदारूवन।

**औषधि: वनस्पति**: वनस्पति जगत के दो विभाग किए गए है, ओषधि और वनस्पति। वानस्पति और वृक्ष दोनों एक दूसरे के पर्याय थे, जैसे- सूत्र में (अव्यवे च प्राणयोषधि वृक्षेम्भः) पंतजलि ने 'मूल-स्कन्ध-फल-पलाशवान्' वाक्य में वृक्ष के ........का भव्य चित्र खींचा है। पाणिनी ने पर्ण, पुष्प, फल, मूल के आधार पर ओषधियों के नामकरण के सिद्धांत का उल्लेख किया है।

उदाहरण के लिये ओदनपाकी संकुकर्णी शालपर्णी, दासीफली, दर्ममूली आदि। ये सब जड़ी बूटी और लताओं के नाम थे। फलों का नाम प्रायः वृक्षों के नाम से पड़ता था, जैसे आमलकी वृक्ष का फल आमलक, जम्बू वृक्ष का फल जम्बू।

**वृक्ष**: वृक्षों के निम्नलिखित नाम सूत्रों में है-

1. अश्वत्थ, 2. न्यग्रोध (इसके लिए वट शब्द का भी प्रयोग होने लगा था) 3. प्लक्ष, 4. आम्रवण, 5. पलाश, 6. बिल्व, 7. खदिर, 8. शिंशपा, 9. वरण, 10. शमी, 11. पीलू, शमी और पीलू वाहीक। देश में बहुत होते थे, पीलू वृक्ष के नीचे होने वाली घटनाओं और लेन-देन को पैल मूत्र कहा गया था, 12. काश्र्य, शालवृक्ष, 13. ताल, 14. जम्बू, 15. हारीतरकी, 16. वंश, 17. सिध्रका

**तृण**: सूत्रों में निम्नलिखित तृणों का उल्लेख है- शर, काश, कुश।

**पुष्प:** कुमुद, पुस्कर, पुष्करादिगण में पद्म, उत्पल, बिस, मृणाल पर्यायों का भी उल्लेख है। हरीतक्यादि गण में शेफासिका का नाम है (पारिजात या हरिसिंगार)। पाणिनी के अनुसार पुष्पों के नाम उनके फूलने की ऋतु से रख जाते थे, जैसे- वासन्ती, कुन्दलता।

**फल**: सूत्र में सूचित होता है कि पाणिनि फल को वृक्षों से सम्बन्धित मानते हैं। फलवाले वृक्षों को फलेग्राहि कहा जाता था। आम्र, बिल्व, जम्बू का सूत्रों में उल्लेख है। प्लक्ष और हरीतकी के नाम भी हैं।

**पीलुकुण**: पर्क पीलु फलों के लिये पाणिनि ने इस शब्द का उल्लेख किया है।[6]

इस प्रकार आर्थिक व्यवस्था में औषधि-वनस्पतियों का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान था। इन वनस्पतियों के द्वारा कृषक वर्ग को आर्थिक विकास में गति मिलती थी।

**आय और व्यय**: राज्य की समृद्धि और स्थायित्व उसकी आर्थिक स्थिति की सुदृढ़ता पर ही निर्भर हैं। इस सिद्धांत को प्राचीन भारतीय आचार्य भली भाँति समझते थे। इसीलिए उन्होंने कोष की गणना राज्य के अंगों में की है और कोष या आर्थिक दुर्बलता के शब्द की महान विपति माना हैं।

कौटिल्य का कहना है कि जिस राज्य का कोष रिक्त हो जाता है वह नगरवासियों एवं ग्रामवासियों को चूसने लगता है। कौटिल्य ने ठीक ही कहा है कि राज्य के सारे व्यापार कोश पर निर्भर रहते हैं अतः राज्य को सर्वप्रथम कोष पर ध्यान देना चाहिए। गौतम का कहना है कि कोष राज्य के अन्य छः अंगों का आधार है। शांति ने में भी कोष की महत्ता गायी है। कामठ ने तो यहाँ तक कहा है कि यह लौकिक प्रसिद्धि है कि राजा कोष पर आधारित है। विष्णुधर्मोत्तर का कहना है कि कोष राज्य के वृक्ष की जड़ हैं। प्राचीन भारत के भारतीय राज्यों के दो स्तम्भ थे, राजस्व एवं सैन्यबल। मनु का कहना है कि राज्य का कोष एवं शासन राजा पर निर्भर रहता है अर्थात् राजा को उन पर व्यक्तिगत ध्यान देना चाहिए।

कोष भरने का प्रमुख साधन है कर-ग्रहण, अतः धर्मशास्त्रों द्वारा उपस्थापित कर-ग्रहण के सिद्धांतों की व्याख्या का लेना उचित हैं।[7]

1. कर न्यायोचित और सीमित होने चाहिए। अत्यधिक कर लेने वाले राजा से जनता जितनी स्पष्ट होती है उतनी और किसी से नहीं। बकरी काट डालने से अधिक से अधिक एक दिन का आहार मिल जायेगा पर उसे पालने में तो अनेक वर्षों तक नित्य दूध का लाभ होता है।

2. उचित कर की कसौटी यह है कि राजा और प्रजा, विशेषतः कृषक और व्यवसायी, दोनों समझें कि हमें अपने परिश्रम का उचित स्थान मिल रहा है।

3. वाणिज्य और उद्योग में लाभ पर कर लगाना चाहिये आमदनी पर नहीं।

4. किसी भी वस्तु कर एक ही बार लिया जाय, दोबारा नहीं।

5. यदि कर बढ़ावा आवश्यक हो जाय तो वृद्धि एकाएक नहीं क्रमशः की जाय।

6. राष्ट्र पर संकट के अवसर पर ही अतिरिक्त कर लगाना चाहिये।[8] प्रजाजनों की रक्षा करने के लिए मानों कर राजा का वेतन हैं। राजा सूर्य के समान है जो समुद्र से जल सोखकर पुनः वर्षा करता है। कर लेकर राजा राज्य की रक्षा करता है, आपत्तियों से बचाता है, धर्म एवं अर्थ नामक उद्देश्यों की पूर्ति करता हैं। कामन्दक ने विभागाध्यक्षों के कार्यों द्वारा कोष के भरण के लिए अन्य प्रमुख स्रोतों का उल्लेख किया है, यथा- कृषि, जल-स्थल के मार्ग, राजधानी, जलों के बाँध, हाथियों को पकड़ना, खानों में काम करना, सोना एकत्र करना, धनिकों से धन उगाहना, निर्जन स्थानों में नगरों एवं ग्रामों को बसाना। मानसोल्लास ने कहा है कि राजा को वार्षिक कर का तीन चैथाई भाग साधारणतः व्यय कर देना चाहिए और एक चौथाई बचा रखना चाहिए। शुक के मत से राज्य को अपनी वार्षिक आय का छठा भाग बचा रखना चाहिए, सम्पूर्ण का आधा भाग सेना पर, बीसवाँ भाग (पण्डितों), दरिद्रों एवं असहायों आदि को दान के रूप में तथा मंत्रियों, छोटे-मोटे कर्मवारियों, अपने लिए तथा अन्य मदों में व्यय करना चाहिए। मानसोल्लास का कहना है कि कोष सोना, चाँदी, रत्नों, आभूषणों, बहुमूल्य परिधानों, निष्कों आदि से परिपूर्ण रहना चाहिए।

कौटिल्य ने राजा को यह छूट दी है कि वह आपातकाल में देवनिन्दकों के संघों एवं मन्दिरों का धन छीन सकता है अथवा किसी रात्रि में अचानक किसी देवमूर्ति या पूत वृक्ष का चैत्य स्थापित करने के लिए या अलौकिक शक्तियों वाले किसी व्यक्ति के हेतु पवित्र स्थान की स्थापना के लिए या मेला या जन-समूह के आन्दोत्सव के लिए आवश्यक धन एकत्र कर सकता है।[9]

अब हमें राज्य के व्यय की मदों पर विचार कना है। रस विषय में प्रामाणिक सामग्री का अभाव है। महाभारत या प्राचीन स्मृतियों में इस विषय का अधिक विवरण नहीं मिलता। उत्तरकालीन स्मृतियाँ, उत्कीर्ण लेख और ताम्रपत्र भी इस सम्बन्ध में प्रायः मौन हैं।

अर्थशास्त्र से इस विषय में कुछ सहायता मिलती है। इसमें व्यय की मदों का विवरण दिया गया है। पर ये सब अधिकतर राजमहल के खर्च से ही रखते हैं। शासन के विभिन्न विभागों में होने वाले खर्च का अनुमान नहीं होता। न इससे यही पता चलता है कि राजमहल पर होने वाला खर्च राज्य की आय का कितना प्रतिशत था। कौटिल्य ने मंत्री, अमात्य और कुछ अन्य अधिकारियों के वेतन का भी विवरण दिया है पर राज्य की आय का पता न रहने के कारण हम यह नहीं जान सकते हैं कि ये वेतन उचित थे या अनुचित। यह भी प्रायः निश्चित है कि प्राचीन भारत में राजकर्मचारियों के अधिकतर नकद वेतन के स्थान पर जागीर या राज्यकर का अंश ही दिया जाता था।

शुक्र ही एकमात्र ऐसे ग्रन्थकार हैं जिनसे यह पता चलता है कि राज्य की आय का कितना प्रतिशत किस मद में व्यय होता था। इनके अनुसार व्यय का विवरण इस प्रकार है-

1. सेना - 50 प्रतिशत
2. दान-धर्म (दानम्) - 8.5 प्रतिशत
3. उच्चाधिकारी - 8.5 प्रतिशत
4. शासन-खर्च - 8.5 प्रतिशत
5. राजपरिवार-खर्च - 8.5 प्रतिशत
6. स्थायी कोश - 16 2/3 प्रतिशत

शुक्र ने 16 2/3 प्रतिशत खर्च रास्ते, कुएँ, तालाब, रुग्णालय, शिक्षण इत्यादि लोकहितकारी कार्यों पर होता था। मालूम पड़ता है कि दानधर्म के लिए जो 16 1/3 प्रतिशत रकम रखी गयी है उससे कुछ अंश में उपरिनिर्दिष्ट कार्य किये जाते थे। दान-धर्म के द्रव्य के पाने वाले प्रायः ब्राह्मण व मंदिर थे और वही मुक्त शिक्षण व रूग्णालय इत्यादि का प्रबन्ध करते थे। ग्राम-संस्थाएँ व मंदिर भी अपनी आजादी का बड़ा हिस्सा तालाब, कुएँ, शिक्षण, अकालग्रस्तों की मदद इत्यादि में खर्च करते थे। सामान्य जनता भी इस कार्य में पर्याप्त दान देती थी। इसीलिए लोकहितकारी कार्य द्रव्याभाव के कारण नहीं रूकते थे। हर्ष अपनी आमदनी का आधा भाग दान-धर्म, विद्वानों को दक्षिणा, विद्यालयों को मदद इत्यादि लोकोपयोगी कार्यों में खर्च करता था।

राजा के निजी खर्च के लिए 8 1/3 प्रतिशत अत्यधिक नहीं है। सेना (बलम्) पर 50 प्रतिशत व्यय अवश्य ही अत्यधिक है।

स्थायी कोष में आय का 16 प्रतिशत जाता था। मुसलमान लेखकों ने इस बात का विशेष उल्लेख किया है कि हिन्दू राजा अपने पूर्वजों में भरा-पूरा कोष पाते थे और अत्यन्त संकट पड़ने पर ही इसमें हाथ लगाते थे। सार्वजनिक या सरकारी ऋण की कल्पना प्राचीन काल में अज्ञात थी। और वही राज्य संकट से अपनी रक्षा कर पाते थे जिनका कोष और भण्डार भरा-पूरा

रहता था। स्थायी कोष का हिसाब उच्च अधिकारियों के द्वारा किया जाता था।[10] इस प्रकार आय का अधिकांश भाग द्रव्य की रक्षा की व्यवस्था, राज व्यवस्था, सैनिक व्यवस्था तथा केवल आदि में व्यय हो जाता था।

**मुद्रा**: स्मृतियों में सोना-चाँदी के माप की मुद्राओं के विषय में विशद वर्णन है। स्मृतियों में वर्णित मुद्राओं का विवरण निम्नलिखित हैं। याक्षवाल्क्य तथा मनु का कथन है कि खिड़की, दरवाजे आदि किसी के छिद्र में धूल के कणों से युक्त चमकते हुए सूर्य के धूलिकणों को त्रसरेणु कहते हैं। आठ 'त्रसरेणु' मिलाकर एक लिक्षा होती है। तीन लिक्षाओं का एक 'राज सर्षप' तीन राजसर्षपों का एक 'गौरसर्षप' होता है। छः गौरसर्षपों का एक 'मध्यमथव'। तीन मध्यमयव का एक कृष्णाल (रत्ती), पाँच कृष्णालों का एक मासा (मासा अर्थात् एक आना भर)। सोलह मासा का एक सुवर्ण अर्थात् एक रूपया भर या अस्सी रत्ती भर समझना चाहिए। चार सुवर्णों का एक 'पल' (छटाक), दश पलों का एक धरण और दो कृष्णलों (रतियों) का एक 'रौत्यमाषक' होता है। सोलह रोत्यमाषकों का एक 'रौत्यवरण' होता है। याक्षवल्क्य तथा मनु के अनुसार चार सुवर्णों का एक 'निष्क' होता है। सोलह रौत्यमाषकों का एक 'रौत्यवरण' तथा 'राजत्' अर्थात् चाँदी का 'पुराण' और ताँबे के कर्ष (पैसे) को कर्ष (पल का चतुर्थांश) तथा पण कहते हैं। दस रोत्य (चाँदी) धरणों का एक राजत (चाँदी का) 'शतमान' होता है।[11]

**विनिमय:** विनिमय के लिए मनु ने क्रय विक्रयानुशय तथा याज्ञवल्क्य ने विक्रीया-सम्प्रदान और नारद ने विक्रीयासमादान और क्रीत्वानुशय का उल्लेख किया हैं।[12] नारद के कथन से सम्पति चल और अचल दो प्रकार की होती है। मनु का विधान है कि कोई भी वस्तु क्रय या विक्रय करने के उपरान्त पश्चाताप होने पर दस दिनों के भीतर वस्तु वापस दे दे या वापस ले ले। यदि दस दिनों के बाद व्यापारी बलपूर्वक बेची वस्तु को लेता है तथा ग्राहक खरीदी हुई वस्तु को वापस करे तो दोनों को छः सौ पण दण्ड देना चाहिए।[13]

नारद, विष्णु तथा याज्ञवल्क्य का कथन है कि यदि किसी ग्राहक को खरीदी हुई वस्तु को उसे विक्रेता नहीं देता है तो उसको वह वस्तु ग्राहक को देनी पड़ती है और साथ में ब्याज भी देना पड़ता है। उस वस्तु का मुनाफा भी विक्रेता को देना पड़ता हैं।

याज्ञवल्क्य का विधान है कि यदि पहले वाला ग्राहक वस्तु न ले तो विक्रेता उस वस्तु को दूसरे ग्राहक को दे रहा हो तो उस ग्राहक से वस्तु नष्ट हो जाए तो ग्राहक को ही उस वस्तु का मूल्य देना पड़ता है। नारद, विष्णु तथा याज्ञवल्क्य के विधानानुसार यदि ग्राहक खरीदी हुई वस्तु की मांगे और व्यापारी नहीं दे तथा उसी समय दैवी उत्पात से वह वस्तु नष्ट हो जाए तो विक्रेता को ही हानि होती है।

नारद तथा याज्ञवल्क्य का कथन हैं कि यदि विक्रेता बिकी वस्तु को दूसरे ग्राहक को देता है तथा खराब वस्तु को अच्छा कह कर बेचता है तो उसे वस्तु के मूल्य का दो गुना दण्ड देना होता हैं। याज्ञवल्क्य के नियमानुसार जो व्यापारी व्यापार के नियमों को जानता हो तथा वस्तु का बार-बार लेन-देन करता है तो उसे वस्तु का छठा अंश दण्ड के रूप में देना पड़ता है। नारद के मत से यदि व्यापारी ने वस्तु का पैसा नहीं किया है तो वह दण्डनीय नहीं है। नारद ने 'क्रय का निरसन' शीर्षक शब्द का अर्थ निम्न प्रकार से दिया है- 'यदि ग्राहक को वस्तु खरीदने के बाद पश्चाताप होने लगें।

यदि ग्राहक क्रीतवस्तु को दूसरे दिन लौटाएगा तो तीसवाँ तथा तीसरे दिन लौटाएगा तो पचासवाँ भाग कट जाता है। इसके विपरीत नारद तथा याज्ञवल्क्य का मत है कि लोहा, भैंस, भारवाहक पशु, बैल, आदि रत्न, अन्न तथा बीज, दास तथा दासी को क्रय करने के बाद परीक्षण के लिए क्रमशः 1, 3, 5, 7, 10 दिन, 1 मास तथा एक पक्ष का समय होता है। नारद तथा

बृहस्पति के अनुसार अन्त्य परीक्षण के बाद क्रीत वस्तु वापस नहीं की जा सकती। व्यास का मत है कि ईंट, अन्न, सूत, चर्म, काष्ठ, शराब, रस, स्वर्ण तथा अन्य फुटकर वस्तुएँ खरीद कर परीक्षणोपरान्त वापस नहीं की जा सकती।

याज्ञवल्क्य का कथन है कि वस्तु के नष्ट हो जाने पर देश, काल, भोग तथा वस्तु का सार भाग तथा असान भाग जान कर उस वस्तु का क्षानी जितना कहे, उतना ही शिल्पियों को दिलाना चाहिए। याज्ञवल्क्य ने बताया है कि सोना आग में परीक्षण के उपरान्त कम नहीं होता, चाँदी सौ में दो पल, पीपल, शीश आठ पल, तांबा पाँच पल तथा लोहा दस पल कम हो जाता हैं। इस प्रकार परीक्षण करते समय यदि वस्तु कम प्राप्त हो तो उसमें मिलावट समझनी चाहिए। इसी प्रकार मोटे सूत से बना कम्बल सौ में दस पल, मध्यम सूत से पाँच पल तथा पतले सूत से बने कम्बल में तीन पल की वृद्धि होती है। कौशेय तथा बलकत वस्त्र बनाने में बराबर ठहरता है।

**यातायात के साधन:** स्मृतिकाल में यातायात के क्या साधन थे, इस विषय पर स्मृतियों में विस्तृत विवरण नहीं है। यातायात के साधनों का यत्र-तत्र उल्लेख है। मनु स्मृति से इस विषय पर कुछ सामग्री प्राप्त होती है जो निम्नलिखित है- स्मृतिकाल में बैलगाड़ी, रथ, घोड़े तथा नाव ही यातायात के साधन थे। मनु का कथन है कि जो घोड़े शिक्षित हों, चलने में तीव्र गति वाले हों, शुभ लक्षणों में युक्त हो, तथा सुन्दर हों, ऐसे घोड़े पर सवारी करनी चाहिए। ऐसे घोड़ों को कोड़े या चाबुत से बहुत अधिक नहीं मारना चाहिए। यात्रा में कभी-कभी इन गुणों से युक्त घोड़े को मारना चाहिए।

जो पशु अच्छी तरह सिखाए नहीं हों, मूख और व्यास से दुःखित जिनके सींग, आँख और खुर भिन्न अर्थात् कटे हुए हों तथा बिना पूँछ वाले हो ऐसे पशु वाहन के अयोग्य होते हैं। यदि कोई व्यक्ति बैलगाड़ी, रथ, घोड़ा, नाव आदि के स्वामी से बिना सवारी माँगे उसका उपयोग करता है, तो वह व्यक्ति सवारी के मालिक के पाप के चतुर्थांश का भागी होता है।[14] नदी के प्रवाह के अनुसार तथा गर्मी, वर्षा, सर्दी आदि के अनुसार नाव का भाड़ा होता है। समुद्र के पार कराने पर अवश्य किराया लेना चाहिए।[15] मनु का मत है कि जो स्त्री दो मास से अधिक गर्भ वाली हो उससे और संयासी, ब्राह्मण तथा ब्रह्मचारी आदि से नदी के पार करवाने का किराया नहीं लेना चाहिए।[16] यदि मल्लाह की गलती से सामान नाव में नष्ट हो जाए तो उसकी पूर्ति सब मल्लहों को मिलकर अपने-अपने भाग से करनी चाहिए।[17]

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि परराष्ट्र सम्बन्ध एवं अर्थव्यवस्था काफी सुदृढ़ थी। दोनों व्यवस्था पर राजा की नीतियों का प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**

1. आर्य प्रतिमा: स्मृतियों में राजनीति और अर्थशास्त्र, अध्याय 5, पृ०सं०158, प्रकाशन विश्वभारती अनुसंधान परिषद्, ज्ञानपुर, वाराणसी, संस्करण 2002
2. सप्त वित्राडडगमा धम्र्या दायो लाभ: क्रयो जयः। प्रयोगः कर्मयोगम् च सत् प्रतिग्रह एव च।। 10/115।। (मनु०) कौण्डियायन: 'मनुस्मृति', अध्याय दशम, प्रकाशन, चैखम्बा विद्याभवन, चैक वाराणसी, संस्करण-2013
3. विद्या शिल्प मृति: सेवा गोरक्षयं विपणिः कृषिः। धृतिर् भैक्ष्यं कुसीद च दश जीवनहेतष!।। 10/116।। मनुस्मृति
4. आर्य प्रतिमा: वही, पृ0सं0 160-63 (देखियें)
5. गोपाल लल्लनजी ''प्राचीन भारतीय राजनीतिक विचारधारा', पृ०सं०134-35, प्रकाशन: विश्वविद्यालय प्रकाशन, चैक, वाराणसी, संस्करण-1999

6. अध्यापनमध्ययन यजन याजन तथा। दानं प्रतिग्रहस् चैव षट् कर्माण्यग्रजन्मन!।। 10/75।। (मनु स्मृति) कृषि साहिवति मन्यन्ते सा वृत्तिः सद्विगर्हिता। भूमि भूमिशयांश् चैव हन्ति काष्टमयोमुखम्।। 84।। (मनुस्मृति)
7. आर्य प्रतिमा: वही, पृ०सं०190-91 (देखियें)।
8. विद्या शिल्प मृति: सेवा गोरक्ष्यं विपणिः कृषिः। धृतिर भैक्ष्यं कुसीद च दश जीवनहेतवः।। 10/116।। (मनुस्मृति)
9. कृषि पाशुपाल्ये वाणिज्या च वार्ता। (अर्थ०) गैरोला वाचस्पति: 'अर्थशास्त्रम्', अध्याय 3, प्रकरण 1, पृ०सं० 12, प्रकाशक: चैखम्बा विद्याभवन, चौक, वाराणसी, संस्करण-1996
10. जायसवाल काशी प्रसाद जी: 'हिन्दू राज्य तंत्र', अध्याय 34, पृ०सं० 147-48, प्रकाशन: विश्वविद्यालय प्रकाशन, चौक, वाराणसी, संस्करण-2012 ई०
11. बाशम, ए०एल०: 'अद्भुत भारत', पृ०सं० 74-75, प्रकाशन: शिवलाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी अस्पताल मार्ग, आगरा-3
12. बाशम ए०एल० वही, पृ०सं० 76
13. अग्रवाल वासुदेव शरण: 'पाणिनिकालीन भारतवर्ष', अध्याय 4, पृ०सं० 196
14. बाशम, ए०एल०: वही पृ०सं० 76-77
15. जायसवाल काशी प्रसाद: वही, पृ०सं० 154-55
16. अग्रवाल वासुदेवशरण: वही, पृ०सं० 206-9
17. काणे वामन पाण्डुरंग: 'धर्मशास्त्र का इतिहास' (द्वितीय भाग), अध्याय 7, पृ०सं० 667-68
18. अलतेकर सदाशिव: 'प्राचीन भारतीय शासन-पद्धति', अध्याय 13, पृ०सं० 205
19. पाण्डुरंग, वही, पृ०सं० 669
20. अलतेकर सदाशिव: वही पृ०सं० 223-26
21. आर्य प्रतिमा: वही, पृ०सं० 205-206
22. वेतनस्यैव चाऽदानं संविदश् च व्यतिक्रमः। क्रयविक्रयाऽनुशयो विवादः स्वामिपालयोः।। 8/5।। (मनुस्मृति)
23. क्रीत्वा विक्रीय वा किंचिद यस्येहाऽनुशयो भवेत्। सोऽन्तर्दशाऽहात् तद् द्रव्यं दद्याच् चैवाऽऽददीत वा।। 18/222।। मनुस्मृति परेण तु दशाऽहस्य न दद्यान् नाऽपि दापयेत्। आददानो ददच् चैव राजा दण्डय! शतानि षट्।। 8/223। (मनुस्मृति)
24. आर्य प्रतिमा: वही, पृ0सं0 210-212
25. दीर्घाऽध्वनि यथादेशं यथाकालं तरो भवेत्। नदीतीरेषु तद् विद्यात् समुद्रे नाऽस्ति लक्षणम्।। 8/406।। (मनुस्मृति)
26. गर्भिणी तु द्विमासादिस् तथा प्रव्रजितो मुनिः। ब्राह्मण लिङ्गिनम् चैव न दात्यास् तारिकं तरे।। 8/407।। (मनुस्मृति)
27. यन् नावि किंचिद दाशानां विशीर्येताऽपराधतः। तद् दाशैरेव दातव्यं समगम्य स्वतोऽशतः।। 8/409।। (मनुस्मृति)

# वैष्णव धर्म में अवतारवाद व बहुदेववादी प्रवृत्ति

*डॉ० संजय कुमार मिश्र* [1]

'उपनिषदो' को 'वेदो' के विकास की कड़ी कही जायेगी, वेदों में जो भी चिन्तन रहा, उन्ही पर विचार करते-करते ऋषियों ने उपनिषदों की रचना की, वैदिक चिन्तन प्रकृति के तत्वों को सजीव मानते थे। वेद कालीन चिन्तको का विश्वास था कि प्रकृति की प्रत्येक शक्ति एक देवता के अधीन काम करती है और उस देवता की पूजा करने से मनुष्य का कल्याण होता है।

प्रकृति के प्रत्येक रूप में एक देवता की कल्पना करते रहने के कारण वैदिक आर्य बहुदेववादी हो गये। 'ऋगवेद' '33' देवताओं का अस्तित्व मानता है ब्राम्हण धर्म के पाँच प्रमुख सम्प्रदायों में विष्णु के उपासकों का वैष्णव सम्प्रदाय विशेष महत्वपूर्ण रहा है। महाकाव्यों तथा पुराणों के समय तक विष्णु की गणना त्रिदेवों में की जाने लगी और जगत की स्थिति या पालनकर्ता के रूप में कल्पना वासुदेव-कृष्ण, एवं ब्राम्हण ग्रन्थों के नारायण की संयुक्त अवधारणा की परिणति रही है। पुराणों में विष्णु को ही जगत की सृष्टि, स्थिति और संहार का कारण बताया है। गीता में विष्णु के विराट रूप की धारणा से विष्णु का महत्व प्रकट हुआ है।

अवतारवाद वैष्णव सम्प्रदाय का सर्वाधिक महत्वपूर्ण और रोचक अंग है जिसके अनुसार धर्म के उत्थान और दुष्टों के विनाश के लिए विभिन्न रूपों में ईश्वर ने पृथ्वी पर अवतार लिया।[1]

खजुराहों में पाश्र्वनाथ मन्दिर तथा बिहार से प्राप्त कामदेव की स्वतंत्र एवं व्यक्ति सहित आलिंगन मूर्तियों को विष्णु के एक रूप प्रघुम्न का रूपायन भी माना जा सकता है जो कामदेव के अवतार बताये गये हैं।

अवतारवाद का प्राचीनतम उल्लेख शतपथ ब्राम्हण और तैत्तरीय संहिता में मिलता है। अवतार के सम्बन्ध में भगवद्गीता में भी महत्वपूर्ण अभिव्यक्ति हुई है:-

**यदा-यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।**
**अभ्युत्थानम धर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।**
**परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम।**
**धर्म संस्थापनार्थाय संभवामि युगे-युगे।।**

(श्रीमद्भगवद्गीता, 4-7, 8)

1. सहायक आचार्य, इतिहास विभाग, डी.ए.वी.पी.जी. कालेज, गोरखपुर

विष्णु के अवतारों की संख्या और सूची हमे महाभारत के प्राचीनकाल में नहीं मिलती। किन्तु उसके नारायणीय अंश में एक जगह केवल चार अवतार गिनाये गये हैं - वारह, वामन, नृसिंह और वासुदेव कृष्ण दूसरी जगह में राम, भार्गव तथा रामदाशरथि को जोड़कर छः कहे गये है और वही तीसरी जगह हंस, कूर्म, मत्स्य और कल्कि को जोड़कर संख्या दस कर दी गयी है।[2]

वाराह पुराण में दस अवतारों की सूची मिली है और अग्निपुराण में भी यही दशावतार सूची स्वीकृत है[3]-

ऋग्वेद के पुरूष सूक्त (10.90) में विश्व की रचना एक दैत्य के शरीर से हुई बतायी गयी है। यह ''विश्व देवतावादी'' धारणा ही परवर्ती काल में विष्णु के विश्वरूप की धारणा का आधार बनी। वहीं जिस का प्रथम विस्तृत उल्लेख भगवद्गीता में मिलता है।[4]

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **1-मत्स्य** | **2-कूर्म** | **3-वराह** | **4-नरसिंह** | **5-वामन** |
| **6-परशुराम** | **7-राम** | **8-कृष्ण** | **9-बुद्ध** | **10-कल्कि**[4] |

कुछ शास्त्र बुद्ध को अवतार न मानकर उनके स्थान पर कृष्ण के बड़े भाई बलराम को एक अवतार मानते हैं। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि ये अवतार विकासवाद के सिद्धान्त से बहुत साम्य रखते हैं। श्री आनकचन्द ने डार्विन के मत से इसमे बहुत कुछ एकता दिखायी थी:-

| **डार्विन के विकासवाद का सिद्धान्त** | **अवतार** |
|---|---|
| 1. जीव सबसे पहले जल में उत्पन्न हुआ। जीव का पहला विकास जल जीव थे अर्थात-मछली। | मत्स्य |
| 2. जल-स्थल दोनों में रह सकने वाले: कछुआ, मगर, केंकड़े | कूर्म |
| 3. जल कासंसर्ग, त्याग कर स्थल पर रहने वाले जीवःवाराह | वराह |
| 4. वे पशु जो दो पैरो पर चलने का प्रयत्न करने लगे जिन के पैर व हाथ थे | नृसिंह |
| 5. अविकसित मनुष्य-वामन | वामन |
| 6. शारीरिक दृष्टि से विकसित होकर जब उसमें बुद्धि का विकास प्रारम्भ हुआ, जब वह क्रूर तथा असभ्य था | परषुराम |
| 7. मस्तिष्क तथा मानवीय गुणों जैसे सहिष्णुता, प्रेम, धार्मिक उत्साह, दयाआदि के विकस से युक्त | राम |
| 8. मस्तिष्क का विकास, राजनीति दर्शन, कला, आदि का पूरा विकास | कृष्ण |
| 9. एकमात्र बुद्धिवादी | बुद्ध |
| 10. पूर्ण विकसित मनुष्य भविष्य में होगे | कल्कि |

विष्णु के परशुराम अवतार का उल्लेख महाभारत तथा अग्नि, विष्णु एवं भागवत पुराणों में हुआ है। क्षत्रियों के संहार के उद्देश्य से परशुराम का अवतार हुआ था और उन्होने 21 बार क्षत्रि का समूल नाश किया था। परशुराम को विष्णु का आवेश अवतार माना गया है। रूपमण्डन[2] में परशुराम को जटा, अजिन और परशु से युक्त वर्णित किया गया है। ढ़ाका के पास

(रानीहारी) से परशुराम की एक अद्वितीय महत्व की चतुर्भुज प्रतिमा प्राप्त हुई है, उनके दाहिने हाथ में परशु पदर्शित किया गया है।[2वही]

खजुराहो से प्राप्त परशुराम की तीन स्वतन्त्र प्रतिमाओं का उल्लेख रामश्रय अवस्थी ने किया है।[2वही] परशुराम की यह चतुर्भुज प्रतिमा है जिसमें किरीट, वनमाला तथा आभूषणों से अलंकृत परशुराम को त्रिभंग मुद्रा में खड़े प्रदर्शित किया गया है।[5] विष्णु के एक अवतार के रूप में दाशरथी राम की लोक मानस से जुड़े होने के कारण हिन्दू देवों में विशेष प्रतिष्ठा रही है। यह सत्य है कि भारतीय शिल्प में दशरथ-पुत्र राम की मूर्तियां अन्य देवों की तुलना में बाद में (गुप्तकाल) में लोकप्रिय हुई, किन्तु विष्णु के एक अवतार के रूप में इनकी कल्पना निःसन्देह प्राचीन थी।

झांसी जिले के ललितपुर परगने में स्थित देवगढ़ के गुप्त कालीन दशावतार मन्दिर में राम की लीलाओं का कई जगह अंकन किया गया है।[6]

सर्व प्रथम विष्णु धर्मोत्तर पुराण में विश्वरूप का निरूपण मिलता है। लगभग सातवी शती ई. की एक मूर्ति शामलाजी (गुजरात) से मिली है जिसमे अष्टभुज विष्णु वीरासन मुद्रा में विराजमान है। प्रभामण्डल पर राम, बलराम, कृष्ण, वराह, इन्द्र, अग्नि, सूर्य तथा चन्द्र आदि की आकृतियाँ पहचानी जा सकती हैं।[7]

लगभग आठवी शती ई. की प्रतिहार काल की एक मनोज्ञ मूर्ति कन्नौज से मिली है जिसमें विष्णु के विराट रूप को पूरे विस्तार और कल्पना शीलता के साथ अभिव्यक्त किया गया है। एक अन्य अष्टभुजी मूर्ति मेरियम (पटना) से भी मिली है जिसमें मत्स्य के पुरूष मुख के पाश्र्वो में कूर्म, सिंह, वराह और अश्वमुख बने हैं।[7]

ग्वालियर संग्रहालय की एक पंचमुखी (पुरूष, मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिंह) मूर्ति में दस हाथ दिखाये गये हैं।[5]

गहड़वाल काल की 12वीं शती ई. की पर्याप्त खण्डित एक मूर्ति वाराणसी से मिली है जो भारत कला भवन, वाराणसी मे सुरक्षित है। ग्वालियर संग्रहालय की मूर्ति के समान ही इसमें विष्णु पंचमुखी दिखाये गये हैं। 12वीं शती ई. की अर्घूणा (वांसवाड़ा, राजस्थान) से प्राप्त एक मूर्ति राजपूताना संग्रहालय अजमेर में सुरक्षित है। चतुर्भुज मूर्ति में केन्द्रित मानव मुख पश्र्ववर्ती वराह एवं नरसिंह मुखा के अतिरिक्त पीछे की ओर अश्वमुख का अंकन खजुराहो के एक उदाहरण 11वीं शती ई. में मिला है जो खजुराहो के पुरातत्व संग्रहालय में सुरक्षित है।[6]

कश्मीर से प्राप्त और लांस ऐन्जिल्स काउण्टी संग्रहालय अमेरिका में सुरक्षित 11वीं शती ई. की एक विलक्षण लक्ष्मी बैकुण्ठ मूर्ति में सिंह मानव एवं वराह मुख्य चतुर्भुज देवता मानव देवधारी गरूण पर लक्ष्मी सहित आलिंगन मुद्रा में आरूढ़ है। मुख्य रूप से बैकुण्ठ स्वरूप की सर्वाधिक मूर्तियाँ नवीं से 11वीं शती ई. के बीच बनी।[7]

**संदर्भ ग्रंथ सूची**


1. भगवद्गीता-4, 7-8
2. वही, पृ. 103
3. महाभारत- 12/349/37
4. भागवत पुराण-1, 2, 3, 7
5. अग्नि पुराण-49, 91
6. Dikshit, M.G. Sirpur and Rajim temples, pp. 74-75
7. अवस्थी, रामाश्रय-खजुराहो की देव प्रतिमाएं, पृ. 106
8. Elements of Hindu Iconography. Part I pp -220

# मनोवैज्ञानिक तनाव की स्थिति एवं बौद्धिक अक्षम बालक

*डॉ० सरिता मिश्रा* [1]

किसी भी तरह की स्थिति प्रतिबल हो सकता है| आज बदलते परिवेश में प्रतिबल का असर हर व्यक्ति के जीवन पर अपनी छाप छोड़ रहा है चाहे व्यक्ति किसी भी प्रवेश में कैसे भी रहता है| एक प्रतिबल का घेरा उसको घेरे रहता है| प्रत्येक व्यक्ति अलग-अलग स्तर के प्रतिबल में जीता है| यह पारिवारिक सामाजिक आर्थिक और कुछ मानसिक प्रतिबल भी हो सकता है| प्रचलित रूप से काम की वजह से पैसे संबंधी, सहयोगियो, परिवार या बच्चों व परिवार के अन्य सदस्यों के संबंध के कारण से प्रतिबल होता है।

जीवन में घटने वाली घटनाओं के कारण से प्रतिबल उत्पन्न होता है जैसे तलाक, बेरोजगारी, घर बदल जाने से या परिवार में मानसिक मंदित मनोवैज्ञानिक द्वारा प्रमुख रूप से निम्न कारण प्रतिबल उत्पन्न करते हैं।[1]

- प्रतिबलपूर्ण जीवन की घटना
- प्रेरकों की संघर्ष
- दिन प्रतिदिन कार्यों में अवरोध
- कार्य उत्पन्न में प्रतिबल
- पर्यावरणीय स्त्रोत
- कुंठा

वर्तमान शोध ने विभिन्न श्रेणी के मानसिक मंदित बालक बालिकाओं की माता के प्रतिबल और संयोजन व्यवहार का अध्ययन करना है उक्त कई कारण मानसिक बाधित बच्चे की माता के प्रतिबल का कारण है इसके साथ ही प्रस्तुत शोध

---

.1सहायक आचार्य,गृह विज्ञान विभाग ,श्रीमती द्रौपदी देवी महाविद्यालय ,रूद्रपुर खजनी, गोरखपुर|

आधार पर माता का सामाजिक-आर्थिक स्तर, माता की शिक्षा, परिवार का प्रकार, पिता की शिक्षा, मंदित बच्चे की मन्दता की श्रेणी, जन्मक्रम, माता का कार्यकारी या अकार्यकारी होना माता के प्रतिबल का कारण होते हैं।

कुछ लोग अन्य लोगों की अपेक्षा अधिक तनाव महसूस करते हैं| मनोविशेषज्ञ ऐसे लोगों को टाइप 'ए' में रखते हैं इनमें धैर्य की कमी होती है। वैराथन 1988 कहते हैं कि "यदि उचित समय में प्रतिबल के कारणों का विश्लेषण कर लिया जाए तो तनाव से बचा जा सकता है।"[2]

बढ़ते हुए प्रतिबल पर संगोष्ठी में डॉ कल्पना जैन ने "अकेलेपन को प्रतिबल का मुख्य कारण बताते हुए इसे दूर करने के लिए सामाजिक सामंजस्य को बढ़ाने को कहा व साथ ही परिवारिक लोगों के साथ मधुर संबंधों की सकारात्मक सोच को भी बढ़ाने को कहा।"[3]

डॉ0 जैन (मनोरोग व्याख्याता) के अनुसार कि "प्रतिबल को दूर करने के लिए माता-पिता का सहयोग व आसपास का वातावरण ही अहम भूमिका नहीं निभाता बल्कि असफलता को चुनौती के रूप में लेकर सकारात्मक सोच भी प्रतिबल को कम करता है।"[4]

डॉ0 सुशील खेराडा (2008) मनोरोग चिकित्सक ने बताया कि "परिवारों का विघटन, चिड़चिड़ापन, प्राकृतिक आपदाएं, गुस्सा, मादक पदार्थ ऐसे कारण हैं जो तनाव को जन्म देते हैं।" इससे बचने के लिए डॉ० खेराडा ने आत्मविश्लेषण करने पर जोर दिया ताकि तनाव से उभरने वाली बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सके। प्रतिबल के कारणों अशिक्षा, अज्ञानता, आसपास के वातावरण को भी जिम्मेदार ठहराया यदि इन कारणों को अच्छी तरह से समझा जाए तो जिंदगी को प्रतिबल मुक्त रखा जा सकता है।[5]

मानसिक मंदन, सही अर्थ में मानसिक विकास की एक अवस्था को कहते हैं, जो सामान्य स्तर से कम अर्थात नीचे की अवस्था होती है। इसलिए अमेरिकी मनोवैज्ञानिक संघ ने मानसिक विकृति के इस प्रकार को सामान्य मानसिक अवस्था कहा है। यदि परिवार में मंदबुद्धि बच्चे का जन्म हो ही गया है तो सबसे विकट समस्या बच्चे के माता-पिता के लिए उस बच्चे की स्थिति से सामना करने में होती है कि उनका बच्चा सामान्य नहीं है वह मानसिक मंदित है, क्योंकि प्रत्येक माता-पिता अपनी भावी संतान के लिए सुनहरे सपने देखते हैं उन्हें जब इस सत्य का सामना करना होता तो उनके सपने बिखर जाते हैं। इस स्थिति में अक्सर माता-पिता बच्चों की वर्तमान स्थिति को सामाजिक डर के कारण छिपाते हैं। जिस परिवार में मानसिक मंदित बच्चे होते हैं उस परिवार के लोगों को तीन स्थितियों से गुजरना पड़ता है प्रथम- वे इस चिंता को किस प्रकार लेते हैं और समस्या से कैसे निजात पाते हैं द्वितीय- परिवार को इस परिस्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए तैयार किया जाए? और तृतीय- ऐसी संस्था का निर्माण किया जाए जहां पर इस प्रकार के बच्चों के माता-पिता को ट्रेनिंग दी जा सके।

एक परिवार को मानसिक मंदित परिवार सदस्यों के साथ रखने में मानसिक दबाव होता है वह भिन्न परिस्थितियों में विभिन्न मुश्किलों से गुजरते हैं। ,तनाव के कई सच हो सकते हैं नियमित चिकित्सकीय मांग खाली समय का अभाव, अध्यात्मिक बदलाव जैसे चिंता, नाकामी, साथ ही कलंक, सामाजिक घबराहट, वित्तीय उलझने।

दूसरी ओर परिवारजनों व माता के प्रतिबल का एक मुख्य कारण यह भी होता है कि मानसिक मंदित बच्चे उन्हें भूल जाएंगे। प्रश्न यह उठता है कि जब हम इस दुनिया में नहीं होंगे तब हमारे बच्चों का क्या होगा। जैसे जैसे बच्चे बढ़ते जाते हैं माता का प्रतिबल भी बढ़ता जाता है।

माता-पिता का परेशानी का क्षण उस समय से प्रारंभ हो जाता है जब उन माता-पिता को पता चलता है कि उनका बच्चा मानसिक मंदित है वेगव और रिचसन ने परिवारिक जीवन शैली में मानसिक मंदित बच्चा होने से अत्यधिक परिवर्तन बल प्रभावशील होता है। हेनम बताते हैं कि मानसिक मंदित बच्चा परिवार के सामाजिक कोर को बदल के रख देता है।

कुछ माता-पिता को अपने अपंग शिशु के कारण अपने आप में अपंगता महसूस होती है और शर्म, बहिष्कार, मजाक या घबराहट का अनुभव होता है। कुल मिलाकर माता-पिता के भावनात्मक भावनाओं का खंडन होता है और जो इन से उबर नहीं पाते वे बच्चों को किसी संस्था को सौंपने का फैसला करते हैं यह फैसला तनावपूर्ण नहीं होता है कुछ लोग चमत्कार और देवी अमृत को खोजने में अपनी शक्ति और वक्त बर्बाद करते हैं ऐसा व्यवहार भी समझने योग्य है पर इसका कोई परिणाम नहीं होता| हालरायड और गुडरी 1979 सामान्यतः माता को एक बूंद महसूस होता है तथा परिवार के अन्य सदस्यों का जीवन भी प्रभावित होता है। कहते हैं कि चिंता चिता के समान होती है। यह व्यक्ति को अंदर ही अंदर घुन की तरह खोखला कर देती है। प्रतिबल का प्रभाव महिलाओं के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर स्पष्ट परिलक्षित होता है स्वभाव में चिड़चिड़ापन, ईर्ष्या व द्वेश के भाव आ जाता है बातबात में खिसियाहट, असामंजस्य प्रतिबल के परिणाम हैं। विभिन्न मानसिक बीमारियों की जड़ भी यह तनाव ही है। माइग्रेन अवसाद या डिप्रेशन, हिस्टीरिया, हार्ट अटैक, ब्लड प्रेशर जैसी खतरनाक बीमारियों से मानसिक मंदित बच्चे की मां ग्रसित हो जाती है।[6]

चिंता कुंठा अत्यधिक अवसाद की स्थिति में अल्प भोजन से शारीरिक शिथिलता आती है जो अनेक बीमारियों को आमंत्रण देती है।

माता का प्रतिबल माता की शिक्षा के स्तर, पिता की शिक्षा, परिवार का प्रकार, सामाजिक-आर्थिक स्तर, पिता के व्यवसाय, मानसिक मंदता की श्रेणी, बच्चे के जन्मक्रम, बच्चे के लिंग, माता का कार्यकारी होने या ना होने, माता के प्रतिबल को कम या ज्यादा करता है।

मानसिक रूप से विकलांग बच्चों की स्कूल एवं छात्रावास 'जीवन ज्योति मंडल' की संस्थापक मीना ईमानदार (2007) कहती हैं कि निम्न वर्ग में ऐसे बच्चों की स्थिति बहुत ही बदतर होती है क्योंकि अधिकतम मामलों में देखा गया है कि यह बच्चे बहुत ही अधिक उपेक्षा का शिकार होते हैं जबकि मानसिक रूप से अविकसित बच्चों की जीवन भर देखभाल बहुत जरूरी है। ऐसे में माता का प्रतिबल भी अतिप्रबल और कम भी हो सकता है। इसी तरह अशिक्षित अभिभावक है निम्न स्तर के उन्हें अपने बच्चों के मंदबुद्धि होने का कम फर्क होता है अपेक्षाकृत रूप से जरूरत है शिक्षित माताकी जागरूक होने की। पिता-डॉ० सुभाष चंद्र गुप्ता (2007) ने कार्यशील महिलाओं के अध्ययन में पाया कि एकाकी परिवार में रहने वाली महिलाओं को घर संभाले में कठिनाई होती है, जबकि संयुक्त परिवार में रहने वाली महिलाओं को इस समस्या का सामना नहीं करना पड़ता है। घर में मानसिक मंदित बच्चा रहने से माता को विशेष तनाव रहता है और यदि मानसिक मंदित बच्चा लड़की है तो उसकी बढ़ती उम्र के साथ होने वाले शारीरिक परिवर्तनों और समाज से सुरक्षा को लेकर प्रतिबल का स्तर ज्यादा होता है।

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, यह कथन बहुत बार दोहराया जाता है लेकिन हर बार इसकी बात दम-खम के साथ प्रतिपादित होती है। शोध कहते हैं कि अभिभावक जितने सामाजिक होंगे, उनके बच्चे का संपूर्ण निष्पादन उतना ही अच्छा तथा भविष्य उतना ही सकारात्मक होगा।

अतः जब माता-पिता मानसिक मंदित बच्चा होने पर प्रतिबल या नकारात्मक उपयोग करते हैं तो यह क्षमताओं को उनके न्यूनतम स्तर तक ले जाते हैं और स्वयं को पंगु महसूस करते हैं और जब इसी तनाव का हम सकारात्मक उपयोग करते हैं तो अपनी क्षमताओं असीमित बनाते हैं और स्वयं उन कार्यों को करता है जो कि उससे पूर्व असंभव माने जाते हैं।

इसी तरह यदि मानसिक मंदित बच्चे की माता एवं परिवार यदि मंदित बच्चे को जल्दी स्वीकार कर उन्हें समझकर उनकी आवश्यकताओं और भविष्य को संवारने में सकारात्मक रूप से लग जाए तो प्रतिबल कम हो सकता है इसके लिए उन्हें जागरूक होना होगा। मानसिक मंदित बच्चे के लिए जो योजनाएं हैं, सहारा एवं जो संस्थाएं और विकास में कार्यरत हैं उन सुविधाओं का उपयोग करना चाहिए और इन सब में उसके परिवार व पति का सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पति का मनोवैज्ञानिक सहयोग मां को प्रतिबल से कम कर योजित व्यवहार करने को प्रेरित करता है।

भारत में जागरूकता के अभाव के कारण रोगों की उत्पत्ति ने देवी-देवताओं का प्रकोप अथवा जादू टोना का प्रभाव जाना मान लिया जाता है। इसके कारण से लोग उपयुक्त चिकित्सा की बजाय झाड़-फूंक और टोना टोटका से अधिक धन और समय गंवा देते हैं।

चिकित्सा परीक्षणों से यह पता लगता है कि व्यक्ति की मानसिक स्थिति और सेहत के बीच गहरा रिश्ता है मानसिक तनाव और नकारात्मक चिंतन मे एक रसायन दिमाग से निकल कर पूरे शरीर में फैल जाता है। इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है।

कहा गया है कि 'मन के हारे हार है और मन के जीते जीत' इसलिए जीवन को भरपूर जीने के लिए तनाव मुक्त होकर आशावादी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। पूर्व में जो प्रतिबल से बचने के उपाय बताए गए हैं वह माता का प्रतिबल कम/दूर करने में सहायक होंगे। साथ ही इससे निपटने हेतु आवश्यक है। लोगों को मानसिक मंदितों के लिए विभिन्न शासकीय और अशासकीय संस्थाओं द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पुनर्वास केंद्रों की जानकारी दी जाए व उन्हें यकीन दिलाया जाए कि उनका बच्चा भी आत्मनिर्भर हो सकता है पर आवश्यक है कि वह धैर्य व आत्मविश्वास के साथ उसे प्रेरणा देकर प्रोत्साहित करें व स्वयं भी ग्रह प्रशिक्षण दें।

इस तरह अब हमारे हाथ में है कि हम या तो अपनी क्षमताओं को बढ़ाएं या फिर घटनाओं को निर्विकार रूप से होते हुए देखें। इस तनाव को नियंत्रित करते हुए जीना ही जीने की कला है जिससे कि न सिर्फ हम अपनी क्षमताओं को बढ़ाते हैं बल्कि अपना कल्याण करते हुए समस्त जगत के कल्याण में अपना सहयोग दे पाएंगे।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**


कपिल ,डॉ० एच०के०) 2001) अनुसंधान विधियां व्यवहार परक विज्ञानों) में( एच,भार्गव प्रकाशन .पी. आगरा।

कापडिया, के० एम० )1963) भारतवर्ष में विवाह एवं परिवार, मोतीलाल बनारसी दास, दिल्ली।

निगम, भूपेन्द्र )2001) मानसिक अपंगता प्रकृति एवं उपचार कल्याण, अप्रेल।

पारीख, आशा(2007) बाल विकास एवं पारिवारिक संबंध, कालेज बुक डिपो, जयपुर।

राय, पारसनाथ )1996) अनुसंधान परिचय, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, आगरा।

शर्मा, विमला )1980) पारिवारिक संबंध एवं बाल विकास, लायल बुक डिपो, मेरठ।

# गोरखपुर क्षेत्र और दिल्ली सल्तनत

*संजय श्रीवास्तव* [1]

दिल्ली सल्तनत (सन् 1206-1526 ई०) में गोरखपुर क्षेत्र मात्र फिरोज तुगलक के शासनकाल के कुछ वर्षों को छोड़कर शेष अवधि में स्वतंत्र स्थिति में ही रहा। गोरखपुर क्षेत्र के शासकों की स्वतंत्रता और उनके द्वारा दिल्ली सल्तनत को नियमित कर न देना सुल्तानों को चुनौती के समान थी। वास्तव में किसी क्षेत्रीय शासक की स्वतंत्रता का सबसे बड़ा और क्या प्रमाण हो सकता है कि वह उस सल्तनत को जिसकी सीमाओं के अन्तर्गत उसका राज्य है, को नियमित रूप से दिये जाने वाले करों का भुगतान ही बन्द कर दे। अब यह आवश्यक है कि उन कारणों को लेखबद्ध किया जाय, जिनके फलस्वरूप गोरखपुर क्षेत्र की स्थानीय शक्तियाँ स्वतंत्रतापूर्ण स्थिति में शासन संचालन कर रही थी।

गोरखपुर क्षेत्र दिल्ली सल्तनत के मुख्य राजनैतिक परिधि के अन्तर्गत नहीं आता था। इसलिए इस क्षेत्र की गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी दिल्ली सुल्तानों को नहीं हो पती थी, परिणामस्वरूप दिल्ली सुल्तानों ने इस क्षेत्र के प्रशासन के प्रति उदासीनता दिखाई। उनकी इस उदासीनता के कारण ही यहाँ के शासकों की न केवल महत्वाकांक्षा ही बढ़ी बल्कि करों के नियमबद्ध भुगतान की अवहेलना कर उन्होनें अपने स्वतंत्र होने का भी परिचय दे दिया।

इस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति भी बाह्य आक्रमणकारियों के लिए सैनिक द्रष्टि से अनुकूल नहीं थी। घने जंगलों से आच्छादित होन एवं हिमालय पर्वत की तराई में स्थित इस क्षेत्र पर यादि दिल्ली सेना आक्रमण भी करती तो भी समग्र रूप से उसे आर्थिक हानि उठानी पड़ती। अर्थात शाही सेना को दिल्ली से गोरखपुर तक कूच करने में जो व्यय होता वह यहां से प्राप्त होने वाली कर की राशि से निश्चित रूप से अधिक ही रहता।

सल्तनत काल में गोरखपुर क्षेत्र के शासक, सैनिक द्रष्टिकोण से इतने शक्तिशाली और सक्षम भी नहीं थे कि उनकी स्वतंत्रता दिल्ली सल्तनत को किसी प्रकार प्रभावित करती और दिल्ली सुल्तान इन पर आक्रमण करने के लिए बाध्य होते। यद्यपि गोरखपुर क्षेत्र के शासकों की स्वतंत्रता दिल्ली सल्तनत के लिए आरम्भ से ही एक चुनौतीपूर्ण समस्या बनी हुई थी, परन्तु सल्तनत अपने समस्याओं के क्रम में इस क्षेत्र के शासकों की स्वतंत्रता को महत्वपूर्ण नहीं मानता था ।

1. सहायक आचार्य, इतिहास विभाग ,डी०ए०वी०पी०जी० कालेज,गोरखपुर|

तराईन[1] के द्वितीय युद्ध में शक्तिशाली चौहान शासक पृथ्वीराज तृतीय की पराजय के साथ ही उत्तरी भारत में गहड़वाल राजपूत ही एक मात्र बड़ी शक्ति के रूप में शेष रहे, जिसको बिना पराजित किए भारत में तुर्की राज्य की स्थापना की कल्पना करना मुहम्मद गोरी के लिए संभव नहीं था। अंत में चन्दावर के मैदान में मुहम्मद गोरी ने जयचन्द को भी पराजित कर दिया। गोरखपुर क्षेत्र गहड़वाल राज्य सीमा के अन्तर्गत आता था।[2] इसलिए गहड़वालों के पतन के साथ ही यह क्षेत्र एक नये राजनैतिक युग में प्रवेश कर गया, जिसके अन्तर्गत यहाँ के स्थानीय जमींदार वर्गों ने अपनी-अपनी शक्तियों का विस्तार करते हुए स्थानीय शासक के रूप में पनपने का प्रयास आरम्भ कर दिया। सबसे पहले यहाँ पर प्राचीन समय से निवास कर रही थारू और डोमकटार जाति के जमींदार, शासक के रूप में उभरे। इसके थोड़े ही समय पश्चात क्रमशः विसेनों ने मझौली मे, श्रीनेतो ने सतासी मे एवं कौशिकों ने धुरियापार में अपनी स्वतंत्र सत्ताएं स्थापित की।

जहाँ तक दिल्ली सुल्तानों से गोरखपुर का सम्बन्ध स्पष्ट करने का प्रश्न है, यह तथ्य परक है कि बहुधा दिल्ली सुल्तान बंगाल सूबे के विद्रोहों के दमन हेतु जिस मार्ग का अनुसरण करते थे वह अवध सूबा से होकर सरयू नदी के किनारे गोरखपुर के तटवर्ती क्षेत्र से गुजरता हुआ बंगाल की तरफ जाता था। पूरे दिल्ली सल्तनत के काल में मात्र फिरोज तुगलक के समय में ही गोरखपुर क्षेत्र दिल्ली सुल्तान के सीधे सम्पर्क में आया था। फिरोज तुगलक गद्दी पर बैठा। इसका शासन काल सन् 1951 ई० से 1388 ई० के मध्य था। फिरोज तुगलक के शासन के प्रारम्भिक काल में ही बंगाल के विद्रोही सूबेदारों की कड़ी में एक नया नाम इलियास खां के रूप में जुड़ गया। इलियास खां ने अपनी शक्ति में संबृद्धि करते हुए लखनौती और बिहार सूबे के अधिकांश प्रदेशों पर अपना अधिकार कर लिया।

फिरोज तुगलक ने भी इलियास खां द्वारा सल्तनत के प्रति विद्रोह को इतनी गम्भीरता से लिया कि अपने शासनकाल के प्रारम्भिक वर्षों 6 नवम्बर, 1353 को एक विशाल सेना के साथ दिल्ली से बंगाल की तरफ कूच कर दिया। इसी क्रम में सुल्तान की सेना अवध पहुँची। उस समय अवध का सूबेदार सैफुद्दीन जो अवध के पूर्व सूबेदार आइन-उल-मुल्क का पुत्र था।[4] यहाँ पर सुल्तान ने कुछ दिन रूककर अपनी सेना में और भी वृद्धि की। इसके पश्चात सुल्तान की सेना ने सरयू नदी को पार किया, जिससे उसका गोरखपुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में पहुंचना स्वाभाविक हो गया। गोरखपुर क्षेत्र में पहुंचकर सुल्तान द्वारा विश्राम करने के पीछे मुख्य रूप से निम्नलिखित कारण हो सकते हैं:-

1. दिल्ली से अवध तक की यात्रा में कुछ स्वतंत्र हो गये सूबों को अपने अधीन लाकर उनसे सैनिक और आर्थिक सहायता प्राप्त की थी।[5] इसी क्रम में वह गोरखपुर पहुंचकर यहाँ के भी स्थानीय शासकों को अधीनस्थ कर उनसे सैनिक एवं आर्थिक सहायता प्राप्त करना चाहता था।
2. सम्भव है उसकी सेना थकावट के कारण विश्राम चाहती हो।
3. मौसम की प्रतिकूलता उसे गोरखपुर क्षेत्र में विश्राम करने के लिए बाध्य कर दी हो।

बरनी अपनी पुस्तक तारीख-ए-फिरोजशाही में सुल्तान के गोरखपुर प्रवास से सम्बन्धित घटनाओं का उल्लेख करते हुए लिखता है कि उसक समय यहाँ के शासकों में श्रीनेत शासक जय सिंह सर्वाधिक शक्तिशाली था।[6] परन्तु उसने सुल्तान के प्रवास के समय संभवतः भयभीत होकर उसकी शक्ति के समक्ष नतमस्तक होकर अत्यधिक उपहारों के साथ खाकबोस[7] किया और भविष्य में नियमपूर्वक एवं निश्चित खराज देना स्वीकार किया।[8] इस प्रकार जय सिंह ने उसकी अधीनता स्वीकार कर ली एवं सुल्तान के प्रति अपनी पूर्ण निष्ठा व्यक्त की। इसी समय सुल्तान की ओर से फरमान जारी हुआ कि उसकी सेना जय सिंह के सीमा क्षेत्र में किसी ग्राम को नष्ट न करे और न ही किसी को दास बनाये।[9] इस समय गोरखपुर क्षेत्र में श्रीनेत शासक जय सिंह के

अतिरिक्त विसेन शासक दीप मल्ल (1344-1364 ई०) और कौशिक शासक प्रयागचन्द 1351-1366 ई० का भी शासन था। यह प्रतीत होता है कि भले ही प्रत्यक्ष रूप से श्रीनेत शासक ही सुल्तान फिरोज के समक्ष अधीनता स्वीकार की, परन्तु इसका प्रभाव गोरखपुर क्षेत्र के अन्य शासकों पर भी पड़ा होगा और इन सभी शासकों ने कर की अदायगी कुछ वर्षों तक दिल्ली सुल्तान को की होगी। बाद में फिरोज तुगलक के दुर्बल उत्तराधिकारियों के कारण गोरखपुर क्षेत्र के ये सभी शासक करों का भुगतान बन्द कर एक बार फिर अपनी स्वतंत्र स्थिति में आ गये। सन 1388 ई० में फिरोज तुगलक की मृत्यु के पश्चात तुगलक वंश के विघटन की प्रक्रिया शक्तिहीन उत्तराधिकारियों के कारण प्रारम्भ हो गयी। सन 1394 ई० में महमूद शाह ने गद्दी पर बैठने के पश्चात मलिक सरवर ख्वाजा जहाँ को जौनपुर का गवर्नर नियुक्त किया और इसी प्रकार गोरखपुर तैमूर के आक्रमण के पश्चात स्वतंत्र हुए जौनपुर राज्य की सीमा का एक अंग बन गया। इसके पश्चात 1526 ई० तक गोरखपुर क्षेत्र दिल्ली सल्तनत के अधीन रहकर भी स्थानीय स्तर पर अपनी स्वतंत्रता बनाए रखा।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची**


1. तराईन ग्राम हरियाणा राज्य के करनाल जिले में स्थित है। फरिस्ता तारीख -ए-फरिश्ता (अंग्रेजी अनुवाद जान व्रिग्स) खण्ड प्रथम, पृष्ठ 172 एवं शर्मा, डॉ० दशरथ अर्ली :चौहान डइनेस्टिज, पृष्ठ 82.
2. मुदाव्वीर, फहरेअंग्रेजी अनुवाद इ) फखरूद्दीन मुबारकशाह-ए-तारीख :०डी०रोस लन्दन)1921) पृष्ठ 23.
3. बरनी जियाउद्दीनफिरोजशाही-ए-तारीख :, पृष्ठ 586.
4. बरनी जियाउद्दीनः तारीखफिरोजशाही-ए-, पृष्ठ 587 एवं गजेटियर आफ फैजाबाद, पृष्ठ 46.
5. बरनी, जियाउद्दीनफिरोजशाही-ए-तारीख :, पृष्ठ 589.
6. बरनी जियाउद्दीन , तारीखफिरोजशाही-ए-, पृष्ठ 590.
7. अभिवादन का एक मध्यकालीन नियम जो भूमि चूमकर किया जाता था।
8. सरहिन्दी, याहिया बिन अहमदके (अंग्रेजी अनुवाद) मुबारकशाही-ए-तारीख :०के०वसु, पृष्ठ 128 एवं बनर्जी, डॉ० जे०एम०हिस्ट्री आफ फिरोजशाह तुगलक :, (दिल्ली 1967), पृष्ठ 30.
9. बरनी, जियाउद्दीनवही :, पृष्ठ 590 एवं हबीब और निजामी, के दिल्ली) ए कम्प्रेहेन्सिव हिस्ट्री आफ इण्डिया :.ए. 1970) खण्ड पंचम, पृ० 583.

# श्रेष्ठ भारत के स्वप्नदर्शी: पं० दीनदयाल उपाध्याय का एकात्मक माननववाद

*डॉ० प्रियंका सिंह*[1]

**सार**

*पं० दीनदयाल उपाध्याय का समग्र व्यक्तित्व व कृतित्व उनके सम्पूर्ण कार्य, आदर्श और सिद्धान्त भारतीय संस्कृति के संवाहक कहे जा सकते है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की विचारधारा से प्रभावित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की सांस्कृतिक विचारधारा राष्ट्र को नवीन ऊर्जा व मार्ग देने में सक्षम दिखयी देती है। उनके व्यक्तिगत जीवन में ही नहीं राजनीतिक व सामाजिक जीवन में भी सांस्कृतिक चेतना दृष्टिगत होती है। उनके मत में सांस्कृतिक चेतना भारतीयता का प्राण तत्व है। उन्होनें सनातन विचारधारा की समयानुसार युगानुसार प्रस्तुति कर राष्ट्र को पुष्ट विचारधारा प्रदान की है। संस्कृतिनिष्ठ दीनदयाल उपाध्याय के आदर्श राष्ट्र में नैतिक शिक्षा के प्रेरक अनुभूत होते है। इस विषय में पं० दीनदयाल उपाध्याय का चिन्तन उल्लेखनीय है।*

*सांस्कृतिक विविधता ही इसकी असली ताकत है और इसी के बूते पर वह एक दिन विश्वमंच पर अगुवा राष्ट्र बन सकेगा। भारत की सांस्कृतिक विरासत पूरी दुनिया को प्रकाशमान कर रही है और शायद वह दिन दूर नही जब भारत विश्वमंच पर पूरी दुनिया को राह दिखाने वाला होगा।*[2]

**मूल शब्द**: दीनदयाल उपाध्याय ,एकात्म मानववाद

वर्तमान समय में टूटते राजनीतिक आदर्शो, विचारधारा असहमति के प्रति असहिष्णु होकर अपने व्यवहार में मतभेद की जगह मनभेद अंगीकार करती राजनीतिक शक्तियों के मजबूत होने के दौर में पं० दीनदयाल उपाध्याय को याद करना जरूरी है। पं० दीनदयाल उपाध्याय ने ही एकात्म मानववाद की अवधारणा पर आधारित राजनीतिक दर्शन से लोगों का परिचय कराया था। देशहित में संस्कृति राष्ट्रवाद को परिभाषित किया और वसुधैव कुटुम्बकम के विचार को प्रस्तुत किया। उनके जीवन, दर्शन सामाजिक कार्यो और उनकी राजनीतिक यात्रा को हम आज भी याद करते है।

पं० दीनदयाल उपाध्याय भारतीय जनसंघ के नेता और भारतीय राजनीतिक एवं आर्थिक चिन्तन को वैचारिक दिशा देने वाले पुरोधा थे। यह अगल बात है कि उनके बताए सिद्धान्तों और नीतियों की चर्चा साम्यवाद और समाजवाद की तुलना में बेहद कम हुई है। वे उस परम्परा के वाहक थे जो नेहरू के भारत नव निर्माण की बजाय भारत के पुनर्निर्माण की बात करते है।

1. असिस्टेन्ट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान ,दिग्विजय नाथ पी०जी० कालेज, गोरखपुर|

भारत में ज्ञान के प्रसार प्रचार एवं संचार की प्रणाली के रूप में कथा उपदेश पद्धति को पुरातनकाल से स्वीकार्यता प्राप्त है। भगवद गीता में श्रीकृष्ण ने गीता का ज्ञान उपदेश की पद्धति ने दिया तो भगवान बुद्ध ने भी ज्ञान के प्रसार का माध्यम उपदेश को ही बनाया। आज के दौर में जब संचार के विविध माध्यम उपलब्ध हैं और बात को आम लोगों तक पहुंचाने के विविध तरीके भी खोज लिए गए है, बावजूद इसके भारत के आमजन के मानस पटल पर उपदेश अथवा कथा पद्धति के प्रति जो विश्वास का भाव है वो अन्य किसी भी पद्धति के प्रति नहीं है।

एकात्मक मानववाद मानव जीवन व सम्पूर्ण सृष्टि के एकमात्र सम्बन्ध का दर्शन है। इसका वैज्ञानिक विवेचन पं० दीनदयाल उपाध्याय ने किया था। एकात्मक मानववाद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मार्गदर्शक दर्शन है। एकात्मक मानववाद के रूप में पं० दीनदयाल उपाध्याय जी ने भारत की तत्कालीन राजनीति और समाज को उस दिशा में मुड़ने की सलाह दी है, जो सौ फीसदी भारतीय है एकात्म मानववाद के इस वैचारिक दर्शन का प्रतिपादन पं० दीनदयाल उपाध्याय ने मुम्बई में 22 से 25 अप्रैल, 1965 में चार अध्यायों में दिए गए भाषण में किया। इस भाषण में उन्होनें एक मानव के सम्पूर्ण सृष्टि से सम्बन्ध पर व्यापक दृष्टिकोण रखने का काम किया था। वे मानव को विभाजित करके देखने के पक्षधर नहीं थे। वे मानवमात्र का हर उस दृष्टि से मूल्यांकन करने की बात करते है, जो उसके संपूर्ण जीवनकाल में छोटी अथवा बड़ी जरूरत के रूप में सम्बन्ध रखता है। दुनिया के इतिहास में सिर्फ मानव मात्र के लिए अगर किसी एक विचार दर्शन ने समग्रता में चिंतन प्रस्तुत किया है वो एकात्म मानववाद का दर्शन है।

भारतीय जनसंघ के इतिहास में यह ऐतिहासिक घटना-1965 के विजयवाड़ा अधिवेशन में हुई। इस अधिवेशन में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने करतल ध्वनि से एकात्मक मानव दर्शन को स्वीकार किया। इसकी तुलना साम्यवाद, समाजवाद, पूंजीवाद से नहीं की जा सकती। एकात्मक मानववाद को किसी वाद के रूप में देखना भी नही चाहिए। इसे हम एकात्मक मानव दर्शन कहे तो ज्यादा उचित होगा, किन्तु आधुनिक पद के चलते यह एकात्मक मानववाद के रूप में प्रचलित है।

एकात्मक माननवाद एक ऐसी धारणा है जो सर्पिलाकार मण्डलाकृति द्वारा स्पष्ट की जा सकती है। जिसके केन्द्र में व्यक्ति, व्यक्ति से जुड़ा हुआ एक घेरा परिवार, परिवार से जुड़ा हुआ एक देश समाज, जाति, फिर राष्ट्र विश्व और फिर अनंत ब्रम्हांड को अपने में समविष्ट किये है। इस अखण्डमण्डलाकार आकृति में एक घातक में से दूसरे फिर दूसरे से तीसरे का विकास होता जाता है। सभी एक दूसरे से जुड़कर अपना अस्तित्व साधते हुए एक दुसरे ने पुरक एवं स्वाभाविक सहयोगी है। इनमें कोई संघर्ष नहीं है।[2]

पं० दीनदयाल उपाध्याय जी का मानना है कि स्वतंत्रयोत्तर भारत में विचार मंथन की प्रक्रिया को भारतीय राजनीतिक दर्शन की संकलित प्रचलन की दिशा में चिंतन को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। भारत का अपना एक विशेषता है कि वह विभिन्न मानवीय एवं सांस्कृतिक धाराओं को अपने में समाहित कर लेता है। जिसमें राजा राममोहन राय से लेकर पं० दीनदयाल उपाध्याय तक का पाश्चात्य एवं भारतीय जीवन दर्शन, व्यवहार व तत्वज्ञान का संघर्षपूर्ण काल खण्ड वैचारिक वैशिष्ट्य 'एकात्मक मानववाद' भारतीय प्रखर मनीषा का प्रतिनिधित्व करता है, जो भारत को भारत बनाए रखना चाहती है पर दुनिया से कट कर नहीं, जो भारत को आधुनिक बनाना चाहती है पर पश्चिम की प्रतिकृति नहीं जो जागृीतक ज्ञान विज्ञान का उत्कर्ष चाहती है पर आध्यात्म को छोड़कर नहीं, जो संसार के नूतन प्रयोगों में योगदान करना चाहती है पर स्वयं को भूल कर नहीं, वास्तव में पाश्चात्य प्रयोगों में लौकिक जीवन की विशेषता के भारतीयकरण की प्रक्रिया की फलश्रुति ही पं० दीनदयाल उपाध्याय का एकात्मक मानववाद है।[3]

पं० दीनदयाल उपाध्याय जी ने बम्बई के अपने ऐतिहासिक भाषण में भी एकात्म मानववाद की भावपूर्ण व्याख्या प्रस्तुत करते हुए कहा था कि 'विश्व का ज्ञान और आज तक की सम्पूर्ण परम्परा के आधार पर हम ऐसे भारत का निर्माण करेंगे जो हमारे पूर्वो के भारत से भी गौरवशाली होगा। जिसमें जन्मा मानव अपने व्यक्तित्व का विकास करना हुआ, सम्पूर्ण मानवता ही नहीं अपितु सृष्टि के साथ एकात्मकता का साक्षात्कार कर 'नर से नारायण' बनने में समर्थ हो सकेगा। यह हमारी संस्कृति का शाश्वत, दैवी तथा प्रखर रूप है। चैराहे पर खड़े विश्व मानव के लिए यही हमारा दिग्दर्शन है।

पं0 दीनदयाल उपाध्याय का मानना है कि व्यष्टि एवं समष्टि में विरोध मानना भूल है। मूलतः सत्य तो यह है कि व्यष्टि एवं समष्टि अभिन्न एवं अविभाजन है। व्यक्ति का समष्टि के प्रति समर्पण अत्यन्त आवश्यक है। परस्पर समर्पण के परिणामोंसे ही यह विकसित समष्टि की चेतना है। जिसके हितों में विरोध नहीं वरन पूरकता होती है, समन्वय रहता है। व्यष्टि बिन्दु का विकास ही मानवता तक के सर्पिल या मण्डलाकार जीवन प्रक्रिया से हुआ है।[4]

पं० दीनदयाल उपाध्याय व्यक्ति को शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का समुच्चय मानते है। व्यक्ति के सर्वांगणीय विकास में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इनके अभाव में व्यक्ति की सुखानुभूति एवं व्यक्तित्व का विकास सम्भव नहीं है। व्यक्ति की भौतिक एवं एवं आध्यात्मिक उन्न्ति अत्यन्त आवश्यक है। जिसकी पूर्ति आजीविका के साधन, शान्ति, ज्ञान एवं तादाम्य-भाव से ही सम्भव है। व्यक्ति के सर्वांगीणय विकास की प्रबल इच्छा ही उसे समाज के हित में कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करती है।

एकात्मक मानववाद तात्विक सार को पं० दीनदयाल उपाध्याय जी ने बताया है कि 'हमारी सम्पूर्ण व्यवस्था का केन्द्र मानव होना चाहिए' जो 'यत पिण्डे तत् ब्रम्हाण्डे के न्याय के अनुसार समष्टि का जीवमान प्रतिनिधि एवं उसका उपकरण है। भौतिक उपकरण मानव के सुख के साधन है, साध्य नहीं। जिस व्यवस्था से, भिन्न रूचि लोक का विचार केवल एक औसत मानव शरीर मन बुद्धि व आत्मायुक्त अनेक ऐषणाओं से प्रेरित पुरूषार्थ चातुष्ट्शील पूर्ण मानव के स्थान पर एकांगी मानव का ही विचार किया जाए वह अधूरी है। हमारा आधार 'एकात्म मानव है जो एकात्म समष्टियों का एक साथ प्रतिनिधित्व करने की क्षमता रखता है। एकात्मक मानववाद के आधार पर हमें जीवन की सभी व्यवस्थाओं आये का विकास करना होगा।[5]

पं० दीनदयाल उपाध्याय जी समाजवाद और साम्यवाद को कागजी और अव्यवहारिक सिद्धान्त के रूप में देखते थे। उनका स्पष्ट माना था कि भारतीय परिप्रेक्ष्य में ये विचार न तो भारतीयता के अनुरूप है और न ही व्यवाहारिक ही है। भारत को चलाने के लिए भारतीय दर्शन ही कारगर वैचारिक उपकरण हो सकता है। चाहे राजनीति का प्रश्न हो, चाहे अर्थव्यवस्था का प्रश्न हो अथवा समाज की विविध जरूरतों का प्रश्न हो, उन्होनें मानवमात्र से जुड़े लगभग प्रत्येक प्रश्न की समाधनयुक्त विवेचना अपने वैचारिक लेखों में की है। भारतीय अर्थनीति कैसी हो, इसका स्वरूप क्या हो, इन सारे विषयों को दीनदयाल उपाध्याय जी ने 'भारतीय अर्थनीति विकास की दिशा में रखा है।

शासन का उद्देश्य अन्त्योदय की परिकल्पना के अनुरूप होना चाहिए, इसको लेकर भी उनका रूख स्पष्ट है। समाजवादी नीतियों से प्रेरित तत्कालीन सरकारों ने व्यापार जैसे काम को भी अपने हाथ में ले लिया जो कि राज्य के लिए बेहद घातक साबित हो रहा है। दीनदयाल उपाध्याय जी इसके खिलाफ थे। उनका स्पष्ट मामना था कि शासन को व्यापार नहीं करना चाहिए और व्यापारी के हाथ में शासन नहीं आना चाहिए। साठ के दशक में जो चितांए उन्होनें अपने लेखों के माध्यम से प्रस्तुत की थी, वो चार दशक के बहुधा समाजवादी नीतियों वाले शासन प्रणाली में समस्या की शक्ल में दिखने लगी है। वे उस दौरान लायसेंस राज में भ्रष्टाचार की चिंता से शासन को अवगत कराते रहे। आज हमारी व्यवस्था किस कदर भ्रष्टाचार की चपेट में है, यह सभी को पता है। वे विकेन्द्रित व्यवस्था के पक्षधर थे, वे तमाम समाजिक क्षेत्रों के राष्ट्रीकरण के खिलाफ थे,

जिनका राष्ट्रीकरण तत्कालीन सरकारों द्वारा धड़ल्ले से किया जा था। वे जानते थे कि यह देश मेहनतकश लोगों का है, जो अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए राज्य पर आश्रित कभी नहीं रहे है। लेकिन समाजवादी नीतियों से प्रभावित सरकारों ने सत्ता की शक्ति का दायरा बढ़ाने की होड़ में समाज की ताकत को राष्ट्रीकरण के बूते अपने शिकंजे में ले लिया। शिक्षा जैसी बात, जिसके सरकारीकरण का पं० दीनदयाल उपाध्याय जी ने विरोध किया है। उसका भी पूर्णतया सरकारीकरण कर दिया गया। आज सरकारी स्कूलों की हालत क्या है, ये किसी से छिपा नहीं है। शिक्षा देने का काम सरकार के हाथों में जाना बंदर के हाथ में उस्तरा देने जैसा साबित हुआ है।

पं० दीनदयाल उपाध्याय जी उन्हीं क्षेत्रों में सरकार को उतरने के लिए बोल रहे थे जिन क्षेत्रों में समाज अथवा निजी क्षेत्र जोखिम नहीं लेते। लेकिन तत्कालीन सरकारों द्वारा इसके प्रतिकूल काम किया गया। आज इतने साल बाद भी हमारी व्यवस्था समाजवादी नीतियों के चक्रव्यूह में ऐसे उलझ चुकी हैं कि उसमें से इसे निकालना अथवा निकालने की योचना भी बेहद कठिन नजर आता है।[6] पं० दीनदयाल उपाध्याय जी का मानना है कि आज यह विश्व के समस्त झंझावतों से हमें सुरक्षा प्रदान करने वाला कोई नया वाद नहीं है, आप इसे किसी भी नाम से पुकारियें हिन्दुवाद, मानवतावाद या कोई नया वाद किन्तु यही एकमात्र मार्ग भारत की आत्मानुरूप होगा जो जनता में नवीनन उत्साह संचारित कर सकेगा।

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में पं० दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्मक मानव दर्शन को आधारभूत मानकर धर्मराज्य, जनतंत्र, सामाजिक समानता व समरसता, आर्थिक विकेन्द्रीकरण इत्यादि को अपना लक्ष्य बनाना होगा। इन सब का समन्वित निष्कर्ष ही हमें एक ऐसा जीवन दर्शन उपलब्ध करा सकेगा, जो समस्त झंझावतों में हमें सुरक्षा प्रदान करते हुए सपनों के भारत के निर्माण में सहयोगी बन सकेगा। यही एकमेव मार्ग भारत की आत्मानुरूप होगा और मानवता में नवीन उत्साह संचालित कर सकेगा। समत्व ही विभ्रांति के चैराहे पर खड़े न सिर्फ भारत का अपितु सम्पूर्ण विश्व की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक व संस्कृति अवस्थाओं हेतु मार्गदर्शन प्रदान करता हुआ सम्पूर्ण मानवता का हित व कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. भारतीय अर्थ-नीति विकास की एक दिशा-पं० दीनदयाल उपाध्याय, लोकहित, लोकहित प्रकाशन, लखनऊ 2014 पृ० सं०:10-11

2. दीनदयाल उपाध्याय जी कभी अप्रासंगिक नहीं हो सकते; राजनाथ सिंह

3. डॉ० महेश चन्द्र शर्मा (2015) पं० दीनदयाल उपाध्याय कृतित्व एवं विचार, नई दिल्ली प्रभात पेपर बैंक्स पृ०सं०-357

4. पं० दीनदयाल उपाध्याय (2014) राजनीतिक राष्ट्र के लिए विचार दर्शन, खण्ड-6 नई दिल्ली। सुरूची प्रकाशन पृ०सं०:75-76

5. भारतीय जन संघ- घोषणाए एवं प्रस्ताव, भाग-1 सिद्धान्त और नीति पृ०:12